53 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73 (79) | डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24 | Web: muzaffarnagarbulletin.co.in

न्यूनतम 26.2°c अधिकतम 33.4°c

**अमृतवाणी**

संयम सफलता का वो युद्ध होता है, जो हमेशा इंसान का अपने ही विरुद्ध होता है।

# मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

सम्पर्क सूत्र : 9368549219, 8077929606 संस्थापक : स्व. उत्तम चन्द्र शर्मा रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

सूर्योदय - 5:35, सूर्यास्त - 7:15 | वर्ष: 53/अंक :205 शनिवार, 26 जुलाई 2025 श्रावण, शुक्ल पक्ष, द्वितीया सम्वत् 2082 मूल्य 3 रुपये | कुल पृष्ठ -4

**चुनावों के मामले में, राहुल गांधी बेतुके आरोप लगा रहे हैं : सुधांशु त्रिवेदी**



आखिर एलओपी हैं कुछ तो कहेंगे ही .....

# सावधान : अपने बच्चों का रखिये ध्यान, मानव तस्करी विभाग ने शहर के कई स्थानों पर चलाया अभियान

**मुजफ्फरनगर, 25 जुलाई (बु.)।** सावधान, अपने बच्चों का रखिये ध्यान आखिर हम ऐसा क्यों कह रहे हैं, इसके पीछे का बड़ा कारण है। इसी कारण इसके बारे में हम आपको आज बताने वाले हैं। मानव तस्करी विभाग ने जागृत करने का काम किया है। ऐसे में रेलवे स्टेशन, बस अड्डों के आस-पास खड़े संदिग्ध लोगों पर आप निगाह रखें। इसी के साथ-साथ अपने अबोध बच्चों को अकेले स्कूल, ट्यूशन आदि ना भेजें। अधिकांश देखा गया है कि आप अपने बच्चों को टॉफी चॉकलेट किसी से भी लेने कि आदत डाल देते हैं और मानव तस्करी करने वाले गिरोह छोटे बच्चों को टॉफी चॉकलेट खिलौनों का लालच देकर उन्हें अपने कब्जे में ले लेते हैं।

उसके बाद यह बच्चे कहाँ गायब हो जाते हैं, इसका पता तक नहीं चलता। ऐसे कई उदाहरण देखने और सुनने को मिलते हैं। अपहरणकर्ता बच्चों को उठाकर उनकी किडनी शरीर के अन्य कीमती अंग बेच देते हैं। इसलिए मानव तस्कर थाना की ओर से जागृति अभियान चलाकर लोगों को जागृत किया गया है। इसी कड़ी में जिलाधिकारी उमेश मिश्रा के आदेश पर 'जस्ट राइट फॉर चिल्ड्रन संस्था' ग्रामीण समाज विकास केंद्र की ओर से विभिन्न विभागों के साथ मिलकर रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड आदि जगहों पर मानव तस्करी विरोधी अभियान चलाया है। थाना मानव तस्करी विरोधी प्रभारी सर्वेश कुमार एवं उनकी टीम थाना रेलवे थाना, जीआरपी, बाल कल्याण समिति अध्यक्ष रीना पंवार, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण से गौरव मलिक, धनीराम आदि लोगों ने मिलकर रेलवे स्टेशन पर आने वाली रेलगाड़ियों को चेक किया एवं यात्रियों को जागरूक किया। इस मौके पर जानकारी दी गई कि किसी भी

- अनजान व्यक्ति के साथ आप ज्यादा घुल-मिलकर बात ना करें।
- अंजान वस्तुओं को न छुएं।
- अनजान व्यक्ति द्वारा दिया गया कोई खाद्य पदार्थ न खाएं
- अपने बच्चों पर निगरानी रखें अपने बच्चों को किसी अनजान व्यक्ति के साथ बात न करने दें।

इस बारे में जानकारी देते हुए बाल कल्याण समिति अध्यक्ष रीना पंवार ने कहा कि यह अभियान 1 जुलाई से 30 जुलाई तक निरंतर चल रहा है। जानकारी देते हुए बताया कि अगर कोई ऐसा मामले आपके सामने आए तो तुरंत सरकार द्वारा संचालित हेल्पलाइन नंबर 1098 या टोल फ्री नंबर 1800 1027 222 संपर्क करें। आपका यह प्रयास किसी व्यक्ति या किसी बच्चे का जीवन बचा सकता है।




## छह महीने पहले स्पा सैंटर पर हुई थी रेड

**मुजफ्फरनगर।** बुलेटिन की टीम को मानव तस्करी थाना से बड़ी जानकारी मिली है। लगभग 6 महीने पहले महावीर चौक पर स्थित एक स्पा सैंटर पर मानव तस्करी थाना ने रेड की थी। दरअसल इस रेड के पीछे का असल कारण था एक खुफिया जानकारी, जो कि बताया जा रहा है कि मानव तस्करी थाना के इंस्पेक्टर सर्वेश कुमार को मिली थी कि इस स्पा सैंटर में एक लड़की जोकि नेपाल से थी, को तस्करी करके नेपाल से भारत लाया गया था। बाद में इस लड़की की बरामदगी की गई थी और इस मामले में एक युवक जिसका नाम सफीक था और स्पा सैंटर की संचालिका को जेल भी भेजा गया था। सर्वेश कुमार ने बताया कि मेरठ में इस नेपाली लड़की का फर्जी आधार कार्ड भी बनाया था। बाद में जिला पुलिस के सहयोग से नेपाल दूतावास में बात करके इस लड़की को नेपाल में डिपोर्ट करवाया गया था।

# बड़ा हादसा टला : नगर के मीनाक्षी चौक के पास धंसी सड़क, देर रात तक चला कार्य

**मुजफ्फरनगर, 25 जुलाई (बु.)।** शहर के व्यस्ततम मीनाक्षी चौक के निकट बृहस्पतिवार देर रात उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब अचानक सड़क का एक बड़ा हिस्सा धंस गया। सड़क के नीचे का भयावह नजारा देखकर मौके पर मौजूद लोग सहम गए। घटना की जानकारी तब हुई जब सवारियों से भरा हुआ टैम्पो का टायर धंस गया, जिसको स्थानीय दुकानदारों द्वारा पहले सवारी उतारकर सकुशल निकाला। इसके बाद धीरे-धीरे सड़क किनारे की मिट्टी का कटान शुरू हुआ और एक बड़ा हिस्सा धंस गया। प्रत्यक्षदर्शियों की मानें तो अगर समय रहते टेम्पो को ना निकाला जाता, तो एक बड़ा हादसा हो सकता था, क्योंकि सड़क के नीचे का नजारा देखकर हर कोई हैरत में था। सड़क के नीचे करीब 8 फीट गहरा गड्ढा बन चुका था, जिसके नीचे से पूरा मलबा तक गायब था। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे चेयरमैन पति व भाजपा नेता गौरव स्वरूप ने तत्काल कार्य शुरू करने का निर्देश पालिका से जारी कराया, जिसके बाद मौके पर पहुंची टीम ने अपना कार्य शुरू किया। इस दौरान ट्रैफिक कंट्रोल करने के लिए खुद टीएसआई इंद्रजीत सिंह ने मोर्चा संभाला और मीनाक्षी से खालापार को आने जाने वाले ट्रैफिक को तुरंत सुरक्षा की लिहाज से बंद करा दिया। यह कदम किसी संभावित बड़े खतरे को टालने के लिए उठाया गया, क्योंकि सड़क के नीचे की स्थिति काफी गंभीर दिख रही थी। सड़क धंसने के असल कारण का पता लगाने के लिए पालिका द्वारा सीवर कार्य को दुरुस्त करने के लिए वाटटैक कंपनी के कर्मचारियों द्वारा कार्य किया जा रहा है।





> नगर पालिका ईओ डॉक्टर प्रज्ञा सिंह की माने तो "देर रात वाटटैक कंपनी जिसको शिविर लाइन पर काम करने का ठेका दिया हुआ है, के मुख्य कार्यालय गाजियाबाद से विशेष गोताखोरों की टीम को बुलाया गया। ये गोताखोर सड़क के नीचे बने शिविर में उतरकर पूरी रात जांच-पड़ताल करेंगे और जानकारी जुटाएंगे। ईओ ने बताया कि, काम पूरी रात चलेगा, ताकि जल्द से जल्द स्थिति स्पष्ट हो सके और मरम्मत कार्य शुरू किया जा सके। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, सड़क के नीचे किसी तरह की बड़ी क्षति या बड़े गड्ढे होने से सीवर लाइन का पानी भर गया है, जिसके कारण यह घटना हुई। हालांकि, गोताखोरों की जांच पूरी होने के बाद ही स्थिति पूरी तरह से साफ हो पाएगी।"

## जर्जर हाल करीब 25 साल पुरानी सीवर लाइन हुई लीक

**मुजफ्फरनगर।** शहर की जर्जर हो चुकी सड़कों के नीचे सीवर लाइनों का हाल अब किसी से छुपा नहीं है। जिसका जीता जागता उदाहरण शहर के बुनियादी ढांचे की कमजोरियां को उजागर करता हुआ मीनाक्षी चौक के निकट धंसी ये सड़क है। करीब 25 साल पुरानी सीवर लाइन में रिसाव के कारण सड़क का एक बड़ा हिस्सा अचानक धंस गया। यह घटना शहर में कहीं भी, कभी भी सड़क धंसने के बढ़ते खतरे को रेखांकित करती है। गनीमत रही कि जिस वक्त यह घटना हुई, वहां से बड़ा वाहन या भीड़भाड़ नहीं गुजर रही थी, जिससे बड़ा हादसा टल गया।

## शहर में ऐसा कहीं और नहीं होगा, उसके लिए क्या उठाए जाएंगे कदम?

**मुजफ्फरनगर।** इस घटना ने एक बार फिर नगर पालिका और संबंधित विभागों की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर दिए हैं। सवाल उठता है कि शहर के विकास और रख-रखाव के लिए जिम्मेदार विभाग कब इन जर्जर हो चुकी बुनियादी सुविधाओं पर ध्यान देंगे? क्या प्रशासन किसी बड़े हादसे का इंतजार कर रहा है? शहर के निवासी अब हर सड़क पर चलते हुए डर महसूस कर रहे हैं। उन्हें नहीं पता कि कब, कहां और कौन सी सड़क उनके पैरों तले धंस जाए। इस अनिश्चितता ने नागरिकों में गहरी चिंता पैदा कर दी है। यह आवश्यक है कि नगर पालिका और जलकल विभाग तुरंत शहर की सभी पुरानी सीवर और पानी की लाइनों का सर्वेक्षण करें और उनकी मरम्मत या प्रतिस्थापन के लिए एक व्यापक योजना तैयार करें। नागरिकों की सुरक्षा सर्वोपरि है और इस दिशा में त्वरित और प्रभावी कदम उठाए जाने चाहिएं, ताकि भविष्य में ऐसे हादसों को रोका जा सके।

# लो जी.... तीन और असामाजिक तत्व अय्यूब, नवाब और सलीम गिरफ्तार, एसएसपी बोले-मारकाट तक हो सकती थी

**मुजफ्फरनगर, 25 जुलाई (बु.)।** कांवड़ यात्रा के दौरान 21 जुलाई को डीआईजी अभिषेक सिंह ने बड़ा खुलासा करते हुए तीन आरोपियों नदीम, मनोसेर व रहीस हैं, को गिरफ्तार कर मीडिया को जानकारी दी थी कि पाकिस्तान की एक वीडियो जिसमें खून-खराबा होता दिखाई पड़ रहा था को मुरादाबाद के मंसूरपुर की बताकर ककरौली के पांच ग्रुपों के प्रसारित किया था। उक्त तीनों को पकड़ने के बाद चार लोग इसके बाद भी एसएसपी संजय कुमार वर्मा की टीम द्वारा पकड़े गए। और अब शुक्रवार को एक बार फिर खुलासा करते हुए इसी मामले में पुलिस ने साम्प्रदायिक हिंसा की साजिश रचने वाले तीन और आरोपियों को पकड़ा है। इन आरोपियों के नाम नवाब राणा निवासी छतैला, तितावी, सलीम निवासी छपरौली, बड़ौत व अय्यूब निवासी पथौली, मेरठ हैं। उक्त तीनों से पुलिस ने मोबाइल भी बरामद किये हैं। और यह भी जानकारी देते हुए बताया कि 21 जुलाई से अब तक कुल 10 लोग इस मामले में गिरफ्तार किये जा चुके हैं और कहा कि सभी युवकों की योजना कांवड़ यात्रा के दौरान साम्प्रदायिक हिंसा, लोगों को भड़काने की थी। उन्होंने अंदेशा जाहिर किया कि यदि पुलिस इस मामले में सही समय पर धरपकड़ न करती, तो वास्तव में जिले में मारकाट तक मच सकती थी। आपको बता दें कि पुलिस प्रशासन उक्त मामले में लगातार गंभीर दिखाई दे रहा है। पुलिस का बताना है कि अभी इस मामले में बड़े राजफाश होने बाकी हैं। जैसे-जैसे उनके हाथ सुबूत लगेंगे, वैसे-वैसे प्रत्येक मामले का खुलासा होता रहेगा। अब देखना यह होगा कि उक्त सभी दस आरोपियों में से किस-किस के कनेक्शन पाकिस्तान तक से निकलते हैं। फिलहाल दस के दस असामाजिक तत्व मुस्लिम निकलने से यह तस्वीर तो साफ हो रही है कि जनपद में आखिर कौन सी कौम साम्प्रदायिक सौहार्द्र पर चोट मारने की फिराक में है।



## पकड़े गये तीन आरोपियों में नबाब राणा निकला भाकियू कार्यकर्ता

**मुजफ्फरनगर।** हालांकि भारतीय किसान यूनियन नबाब राणा को अपना कार्यकर्ता होने से मिनटों में इंकार कर देगी, लेकिन फिर भी पकड़े गये तीनों लोगों में नबाब राणा को भारतीय किसान यूनियन का कार्यकर्ता बताया गया है, क्योंकि भारतीय किसान यूनियन के नेताओं ने राजकीय इंटर कॉलेज के मैदान में हुई रैली में अपने ही एक कार्यकर्ता जिसने की हिंदू संगठनों का सिर कलम करने की धमकी दी थी और यह बात उसने मंच से कही थी।

## अय्यूब है मेरठ नगर निगम में सफाई कर्मचारी

**मुजफ्फरनगर।** आपको बता दें कि इसी मामले में एक अन्य आरोपी अय्यूब मेरठ नगर निगम में सफाई कर्मचारी के रूप में काम करता है। सोचने वाली बात यह है कि जो इंसान एक सरकारी संस्थान में कार्य कर रहा है, उसका दिमाग कैसे ऐसी हिंसा की साजिश में लग गया। ऐसे में माना जा सकता है कि कुछ विशेष सोच वाले लोग जिस देश में रहते हैं, उसी से गद्दारी करने पर कैसे उतारू हो जाते हैं।

## ग्रुप का नाम भाईचारा और बिगाड़ना चाह रहे थे साम्प्रदायिक सौहार्द्र और शान्ति

**मुजफ्फरनगर।** पुलिस जांच में सामने आया है कि इन आरोपियों ने 'भाई-चारा ग्रुप', ''वार्ड मेंबर न्यूज ग्रुप', 'लाइफ ब्यूटीफुल ग्रुप' और 'मलिक ग्रुप' नामक व्हाट्सअप समूहों में जान-बूझकर ऐसा वीडियो और ऑडियो क्लिप शेयर किया, जिसमें खून से सने शव, महिलाएं और बच्चे दिखाई दे रहे थे। ऐसे में एक बात साफ हो गई है कि 'भाई-चारा' सिर्फ ग्रुप नाम ही था, जबकि असल मकसद भाईचारे की धज्जियां उड़ाकर प्रदेश को अशांत करना था।

## युवक का शव जंगल में पेड़ से लटका मिला

**मुजफ्फरनगर, 25 जुलाई (बु.)।** शुक्रवार को गांव खुसरोपुर के जंगल में उस समय सनसनी फैल गयी जब ग्रामीणों ने एक युवक के शव को पेड़ से लटका हुआ देखा। हाथोंहाथ इसकी सूचना पुलिस को दी गयी तो पुलिस मौके पर पहुंची और युवक के शव को पेड़ से नीचे उतरवाया। बाद में मृतक की शिनाख्त तितावी थाना क्षेत्र के गांव अमीरनगर निवासी अभिषेक के रुप में हुई। पुलिस को जानकारी मिली कि गुरूवार की सुबह युवक घर से लापता था। परिजनों ने रातभर उसकी तलाश की, उनका मानना था कि अभिषेक घर वापस आ जाएगा, इसलिए थाने में कोई सूचना नहीं दी गयी। फिलहाल परिजनों का कहना है कि उन्हें अभिषेक की हत्या की आशंका है। सीओ सदर देवव्रत वाजपेई का कहना है कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।



# छपार के सिसौना कट पर दुपहिया वाहन से टक्कर के बाद आग का गोला बनी कार

**छपार, 25 जुलाई (बु.)।** छपार थाना क्षेत्र में उस समय बड़ा हादसा हो गया, जब छपार थाना क्षेत्र के सिसौना कट पर दतियाना का रहने वाला शिवम गलत दिशा से दुपहिया वाहन ले जा रहा था, तभी हरियाणा के जिला झज्जर का रहने वाला देवेन्द्र आई-10 गाड़ी लेकर उधर से गुजर रहा था, तभी दुपहिया वाहन चालक शुभम व गाड़ी की टक्कर हो गयी, जिसमें अनियंत्रित होकर गाड़ी चालक नाले में जा गिरा। जैसे ही आई-10 गाड़ी नाले में गिरी तो गिरते ही आग का गोला बन गई और गाड़ी चालक देवेन्द्र पूरी तरह झुलस गया। आग लगने की सूचना मौके पर फायर बिग्रेड की टीम पहुंची और आग पर काबू पाया। हादसे में दोनों घायलों को जिला चिकित्सालय लाया गया, जहां से गंभीर हालत में देवेन्द्र को मेरठ के लिए रैफर कर दिया गया, जबकि शुभम को मामूली चोटें आयी हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि हरियाणा निवासी देवेन्द्र ने शराब का सेवन किया हुआ था। माना जा रहा है कि आई-10 में या तो सीएनजी गैस किट लगी हुई थी, जिस कारण गाड़ी आग का गोला बन गई। पुलिस मामले की जांच कर रही है।








## इंदिरा गांधी का रिकॉर्ड तोड़कर नरेंद्र मोदी लंबे समय तक पद पर बने रहने वाले देश के दूसरे प्रधानमंत्री बने मोदी

**नई दिल्ली, 25 जुलाई (एजेंसी)।** पीएम नरेंद्र मोदी ने भारतीय राजनीति में ऐतिहासिक मील का पत्थर छू लिया है। 25 जुलाई 2025 को उन्होंने 4,078 दिन का कार्यकाल पूरा करते हुए इंदिरा गांधी के 4,077 दिन के लगातार प्रधानमंत्री रहने के रिकॉर्ड को तोड़ दिया है। इस उपलब्धि के साथ वे देश के दूसरे सबसे लंबे समय तक लगातार प्रधानमंत्री रहने वाले नेता बन गए हैं। यह उपलब्धि सिर्फ एक मील का पत्थर साबित हुआ है। नरेंद्र मोदी ने 24 वर्षों तक सरकार का नेतृत्व किया है, जो सभी प्रधानमंत्रियों के बीच एक रिकॉर्ड है। प्रधानमंत्री मोदी ने 2001 में गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में अपने कार्यकाल की शुरूआत की थी। अब तक राज्य और केंद्र दोनों में मिलाकर लगभग 24 वर्षों तक चुनी हुई सरकार का नेतृत्व कर चुके हैं। उनके राजनीतिक ट्रैक रिकॉर्ड में उनकी पार्टी को लगातार तीन राष्ट्रीय चुनावों में जीत दिलाना शामिल है। यह एक-एक ऐसी उपलब्धि, जो पहले केवल जवाहरलाल नेहरू ही हासिल कर पाए थे। मुख्यमंत्री के रूप में अपने कार्यकाल के रूप में नरेंद्र मोदी ने अपनी पार्टी के चेहरे के रूप में लगातार 6 चुनाव जीते हैं, जिनमें तीन गुजरात में और तीन राष्ट्रीय स्तर पर शामिल हैं।



# अनिल दुजाना गैंग के 25-25 हजार के दो शातिर बदमाश मुठभेड़ में गिरफ्तार

**मुजफ्फरनगर, 25 जुलाई (बु.)।** शुक्रवार को एसएसपी संजय कुमार वर्मा ने प्रेसवार्ता करते हुए बताया कि देर रात बुढ़ाना थाना प्रभारी आनंद देव मिश्र पुलिस टीम के साथ विज्ञाना व सठेड़ी नहर पुलिया के पास नियमित रूप से चैकिंग कर रही थे, तभी पुलिस के अनुसार मेरठ-करनाल हाइवे की ओर से एक बाइक पर दो संदिग्ध आते हुए दिखाए दिए। पुलिस ने दोनों को रोकने का प्रयास किया, जैसे ही पुलिस ने उन्हें पकड़ना चाहा, तो दोनों आरोपियों ने पुलिस पर फायरिंग कर दी। जवाबी कार्रवाई करते हुए पुलिस ने अरुण कुमार निवासी गांव ममूरा थाना फेस 3 जनपद गौतमबुद्धनगर व साहिल निवासी गांव खेड़ा चौगानपुर थाना ईकोटेट जनपद गौतमबुद्धनगर पुलिस की गोली लगने से घायल हो गए। घायल बदमाशों से पुलिस ने दो तमंचे व एक बाइक बरामद की है। एसएसपी ने बताया कि पकड़े गए दोनों बदमाश अनिल दुजाना गैंग के शातिर सदस्य हैं। उक्त दोनों बदमाशों ने कुछ दिन पूर्व सम्भल जनपद के थाना कैलादेवी में एक मिनी बैंक से ढाई लाख रुपए की लूट की वारदात को अंजाम दिया था, जिसके बाद दोनों बदमाशों पर सम्भल जिले से 25-25 हजार रुपए का इनाम घोषित किया गया था। गिरफ्तार दोनों बदमाशों पर गौतमबुद्धनगर के विभिन्न थानों में रंगदारी, लूट व अन्य अपराधिक मामले भी दर्ज हैं। एसएसपी ने सफलता हासिल करने वाले पुलिसकर्मियों को उक्त मामले में 25 हजार रुपए का इनाम देने की घोषणा की है। दोनों बदमाशों का उपचार के बाद चालान कर दिया गया है।



## मां की हत्या में पुत्र को आजीवन कारावास व दस हजार का अर्थदण्ड

**मुजफ्फरनगर, 25 जुलाई (बु.)।** डीजीसी राजीव शर्मा व एडीजीसी आशीष त्यागी ने बताया कि 9 दिसम्बर 2023 को तितावी थाना क्षेत्र के गांव ढिंढावली में पैसे न देने पर आरोपी जोगेन्द्र उर्फ ढोला ने अपनी मां की फावड़े से काटकर हत्या कर दी थी। घटना को अंजाम देकर आरोपी मौके से फरार हो गया था। इसके सम्बंध में ग्राम प्रहरी मोहम्मद अली ने थाने पर रिपोर्ट दर्ज भी कराई थी। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर उससे आला-ए-कत्ल फावड़ा बरामद किया है। आरोपी के खिलाफ पुलिस ने चार्जशीट दाखिल की। इस मामले की सुनवाई अपर जिला सत्र न्यायाधीश प्रथम रविकांत की कोर्ट में हुई। न्यायालय में मामले में सुनवाई करते हुए आरोपी पुत्र जोगेन्द्र उर्फ ढोला को आजीवन कारावास की सजा व 10 हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया है।



# दो नाबालिग सगी बहनों से दुराचार

**बुढ़ाना पुलिस में मचा हड़कंप, वारदात के बाद आरोपी हुए फरार**

**बुढ़ाना, 25 जुलाई (बु.)।** बाइक सवार 2 कामान्ध युवकों ने 2 नाबालिग सगी बहनों का तमंचे के बल पर उनके घर से सोते समय अपहरण कर लिया और उन्हें पिग फार्म में बंधक बनाकर डरा-धमकाकर बारी-बारी से उनके साथ दुराचार की घटना को अंजाम दिया। घटना की सूचना पर बुढ़ाना पुलिस में जबरदस्त हड़कंप मच गया। पुलिस ने दोनों बहनों का मेडिकल कराकर आरोपी युवकों की तलाश शुरू कर दी। मिली जानकारी के अनुसार बुढ़ाना कोतवाली क्षेत्र की उकावली पुलिस चौकी क्षेत्र के एक गांव में स्थित एक मकान में दो नाबालिग बहनें अपने परिजनों के साथ सो रही थी, तब आज शुक्रवार को दिन निकलने से पहले ही अर्धरात्रि में किसी समय बाइक पर सवार दो युवकों ने मकान की दीवार फांदकर दोनों बहनों का अवैध तमंचे के बल पर जगाकर अपहरण कर लिया और उनको गांव चंधेड़ी के जंगल में स्थित एक पिग फार्म पर ले आए। जहां पर दोनों युवकों ने बारी-बारी से दोनों बहनों से दुराचार किया। उधर डेढ़ बजे लघुशंका करने उठे दोनों बहनों के पिता ने जब अपनी दोनों बेटियों को बिस्तर में नहीं देखा, तो उन्होंने पहले तो अपनी बेटियों को घर में तलाश किया, लेकिन जब वे वहां पर नहीं मिली, तो परिजनों ने उनको घर के बाहर आकर तलाश करना शुरू कर दिया। परिजन जब पिग फार्म के पास पहुंचे, तो एक आरोपी उनको बाइक पर उनकी पुत्री के साथ मिला, तो वह उनकी पुत्री को छोड़कर किशोरी के परिजनों को धमकी देकर फरार हो गया। किशोरी ने रोते हुए अपने परिजनों को घटना के बारे में बताते हुए पिग फार्म पर पहुंचकर अपनी बहन को बदहवाश हालत में देखा, तो परिजन सकपका गये। दोनों बहनों ने घटना की पूरी जानकारी अपने परिजनों को दी। परिजन आज दोनों किशोरियों को लेकर बुढ़ाना कोतवाली पहुंचे और घटना की जानकारी पुलिस को दी, तो पुलिस में हड़कंप मच गया। पुलिस ने दोनों बहनों का मेडिकल कराकर घटनास्थल का निरीक्षण कर दोनों आरोपियों की तलाश शुरू कर दी। इसी तरह की एक घटना बीती 07 जून को गांव लोई के जंगल में हुई थी, जिसमें दो युवकों ने बुढ़ाना कस्बे से मौसी भांजी का अपहरण कर पुलिस में हड़कंप मचा दिया था।



# सरकारी दफ्तरों में पेपरलेस कार्य को गति देने की कवायद हुई तेज

## - ई-ऑफिस पोर्टल पर लॉगिन न करने पर सीडीओ ने भेजा नोटिस

**मुजफ्फरनगर, 25 जुलाई (बु.)।** सरकारी दफ्तरों में पत्राचार को ऑनलाइन करने के साथ एक दफ्तर से दूसरे दफ्तर में पत्र भेजने की प्रक्रिया को ऑनलाइन किया गया है, जिसके लिए इन सरकारी कार्यालयों में अफसरों-कर्मियों की ऑनलाइन लागइन तैयार हुए हैं, जिसके माध्यम से ई-ऑफिस संचालन हो रहा है। उक्त मामले में डीएम उमेश मिश्रा ने बीते दिनों सभी कार्यालयों के अधिकारी-कर्मचारियों की ई-ऑफिस पोर्टल की समीक्षा कराई थी, जिसमें कई विभागों में ऐसे अधिकारी-कर्मियों की उक्त सूची तैयार की, जिन्होंने ई-ऑफिस पोर्टल पर अभी तक भी लॉगिन नहीं किया। सीडीओ ने ऐसे विभागों की सूची तैयार करने के साथ नोटिस जारी करते हुए स्पष्टीकरण मांगा है। ई-आफिस पोर्टल लॉगिन नहीं करने वाले विभागों की जारी उक्त सूची में बीएसए विभाग के काम करने वाले बीईओ ध्यान चंद, कमलेश, किरण यादव, पंकज अग्रवाल के साथ वरिष्ठ लिपिकों में अशोक मलिक, प्रदीप महाये, राजेंद्र शर्मा व सुधीर कुमार ने भी लॉगिन नहीं किया है। इसके साथ एआर कॉपरेटिव कार्यालय से इंस्पेक्टर सतीश गौतम, शोभाराम, सुनील कुमार, सीएमओ दफ्तर से कई एसीएमओ समेत अन्य कई अधिकारी-कर्मियों के नाम शामिल हैं। इसके अलावा डीडी कृषि कार्यालय में राजीव कुमार, सचिन कुमार, संजय कुमार, सौरभ कुमार, उदित, कपिल, विशाल शर्मा के साथ डीडीओ दफ्तर के अरविंद कुमार, मनोज कुमार, राजेश कुमार, सचिन कुमार है। डीईएसटीओ कार्यालय से राजेश कुमार, सचिन कुमार, अशोक कुमार और डीएफओ दफ्तर में अमित कुमार, अनिता रानी, नवीन चंद पाठक, रेंजर रवि कांत चौधरी, रेंजर सुशील कुमार, डीएचओ कार्यालय में नरपाल सिंह, वरिष्ठ निरीक्षक रचना, डीआईओएस दफ्तर से अशोक कुमार जावला, पॉलीटेक्निक कॉलेज के प्रधानाचार्य आकाश वाजपेई, स्टेनो अंकुश कुमार, शिक्षक जन्मजय, फुरकान, सोनवीर सिंह सहित डीपीआरओ कार्यालय, पीडब्लूडी विभाग के कई कर्मचारियों की ई-ऑफिस पोर्टल पर हलचल न होने को बड़ी लापरवाही मानते हुए सूची जारी करते हुए स्पष्टीकरण मांगे जाने के साथ ऐसे अधिकारी और कर्मचारियों को चेतावनी के निर्देश जारी किए हैं, ताकि व्यवस्था में सुधार के साथ ई-ऑफिस की महत्ता बढ़ने के साथ सरकारी दफ्तरों में कार्यों की गति को नई उड़ान मिल सके।




# गोलगप्पे खाने से 20 बच्चों व पांच महिलाओं की बिगड़ी तबीयत, हुई उल्टी

**मथुरा, 25 जुलाई (एजेंसी)।** प्रदेश के मथुरा स्थित सौंख में गोलगप्पे खाने से बच्चों समेत महिलाओं की तबियत अचानक बिगड़ गई। हालत बिगड़ने से परिजन में खलबली मच गई। सूचना पर स्वास्थ्य विभाग के डॉक्टरों की टीम गांव पहुंच गई और महिलाओं व बच्चों को उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया। कुछ ग्रामीणों के बच्चे अडींग व सौंख के डॉक्टरों के क्लिनिकों में भर्ती होकर उपचार करा रहे हैं। वढः गोलगप्पे खाने से 20 बच्चों व पांच महिलाओं की बिगड़ी तबीयत, हुई उल्टी; स्वास्थ्य विभाग की टीम गांव पहुंची शुक्रवार की दोपहर 4 बजे एक ठेले वाला गोलगप्पे-चाट लेकर पहुंचा था। गोलगप्पे के ठेले पर करीब 20 बच्चों और पांच महिलाओं ने गोलगप्पे व टिक्की आदि खाए। खाने के बाद ही बच्चों और महिलाओं को उल्टी और दस्त होने लगे। कुछ बच्चे अर्ध बेहोशी की हालत में पहुंच गए। यूपी के मथुरा स्थित सौंख में गोलगप्पे खाने से बच्चों समेत महिलाओं की तबियत अचानक बिगड़ गई। हालत बिगड़ने से परिजन में खलबली मच गई। सूचना पर स्वास्थ्य विभाग के डॉक्टरों की टीम गांव पहुंच गई और महिलाओं व बच्चों को उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया। कुछ ग्रामीणों के बच्चे अडींग व सौंख के डॉक्टरों के क्लिनिकों में भर्ती होकर उपचार करा रहे हैं। थाना मगोर्रा के गांव बोरिपा में शुक्रवार की दोपहर 4 बजे एक ठेले वाला गोलगप्पे-चाट लेकर पहुंचा था। गोलगप्पे के ठेले पर करीब 20 बच्चों और पांच महिलाओं ने गोलगप्पे व टिक्की आदि खाए। खाने के बाद ही बच्चों और महिलाओं को उल्टी और दस्त होने लगे। कुछ बच्चे अर्ध बेहोशी की हालत में पहुंच गए। यह देखकर गांव में खलबली मच गई। आनन-फानन लोग बच्चों और महिलाओं को उपचार के लिए हॉस्पिटल ले गए। जहां उनका उपचार चल रहा है। ग्रामीणों की सूचना पर जिला चिकित्सा अधिकारी संजीव यादव व सीएससी प्रभारी नेहा चौधरी समेत चिकित्सको टीम गांव में पहुंच गई। दो एम्बुलेंस के अंदर बीमार बच्चों और महिलाओं का उपचार किया और दवाइयां दीं। सीएससी प्रभारी नेहा चौधरी ने बताया कि गोलगप्पे खाने से बच्चों समेत महिलाओं की तबीयत बिगड़ी है। एम्बुलेंस के साथ डॉक्टरों की टीम मौके पर पहुंची और दवाइयां दीं। गंभीर हालत होने पर बच्चों को जिला अस्पताल भेजा जाएगा।




# ऑपरेशन सिंदूर पर सीडीएस ने फिर दिया बड़ा बयान, बोले- अभी यह खत्म नहीं हुआ

**नई दिल्ली, 25 जुलाई (एजेंसी)।** प्रमुख रक्षा अध्यक्ष (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान ने शुक्रवार को कहा कि ऑपरेशन सिंदूर अब भी जारी है। उन्होंने कहा कि अभी हमें साल भर ऐसी ही तैयारी रखनी होगी। वह सुब्रतो पार्क में आयोजित रक्षा संगोष्ठी में भाग ले रहे थे। 'नंबर 4 वॉरफेयर एंड एयरोस्पेस स्ट्रेटेजी प्रोग्राम' के तत्वावधान में 'एयरोस्पेस पावर : प्रिजर्विंग इंडियाज सोवरेनिटी एंड फर्दरिंग नेशनल इंट्रस्ट्स (हवाई शक्तिः भारत की संप्रभुता की सुरक्षा एवं राष्ट्रीय हितों को बढ़ाना) विषय पर एक सेमिनार आयोजित किया गया था। इस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सीडीएस ने कहा कि आने वाले समय में सेना को टेक्निकल फाइटर्स, इंटेलिजेंट वॉरियर्स और इन्फॉर्मेशन वॉरियर्स की जरूरत पड़ेगी। उन्होंने कहा कि समय बदल रहा है, इसलिए सबको समय के साथ चलना ही होगा. तकनीक का ज्यादा से ज्यादा इस्तेमाल होगा, इसलिए हमारे सैनिकों को एजुकेशन का लेवल बढ़ाना होगा, उन्हें सूचना एवं प्रौद्योगिकी के साथ कदम से कदम ताल मिलाना पड़ेगा। सीडीएस ने कहा कि आजकल के युद्ध में कोई भी उप विजेता नहीं होता है, इसलिए आपको हर समय तैयारी पूरी रखनी होगी। उन्होंने कहा कि इसका उदाहरण देखना हो, तो ऑपरेशन सिंदूर में ही देख लीजिए, यह ऑपरेशन अब भी जारी है, 24 घंटे और 365 दिन हमें अपनी तैयारी पुख्ता रखनी पड़ेगी। विद्वान योद्धा को परिभाषित करते हुए सीडीएस चौहान ने कहा कि ऐसे व्यक्ति को जटिल परिस्थितियों का विश्लेषण करने की कला सीखनी होगी, उनके सामने अलग-अलग तरह की चुनौतियां आएंगी, इसलिए उन्हें अपने लक्ष्यों और उद्देश्यों को पूरा करने के लिए अपने आप को अपडेट और कैपेबल बनाए रखना होगा। उन्होंने आगे कहा कि पेशेवर सैनिक विद्वान भी होगा और टेक्निकली साउंड भी होगा, वह इन्फॉरमेशन वॉर का भी योद्धा होगा। सीडीएस ने कहा कि आज के समय में सूचना प्रोद्योगिकी का बड़ा हाथ है, यह इन्फॉरमेशन वॉर का हिस्सा है और आपको इसका प्रतिकार करना आना चाहिए, ऐसा कर सकेंगे तो आप अपने देश की संप्रभुता और राष्ट्रीय हितों को सुरक्षित रख सकेंगे। आपको बता दें कि 22 अप्रैल को आतंकवादियों ने जम्मू कश्मीर के पहलगाम में 26 निर्दोष लोगों की हत्या कर दी थी। इसके जवाब में भारत ने ऑपरेशन सिंदूर चलाया. इसके तहत भारत ने पाकिस्तान स्थित आतंकी संगठनों के मुख्यालयों पर हमले किए। इन हमलों से पाकिस्तान बौखला गया और उसने भारत पर हमला करने की कोशिश की। पाकिस्तान अपने मकसद में कामयाब नहीं हो पाया और भारत के सामने उसने शांति की अपील की। पाकिस्तान के अनुरोध पर भारत ने ऑपरेशन सिंदूर को ब्रेक दिया। 10 मई को दोनों देशों के बीच इस पर सहमति बनी थी। इस कार्यक्रम में भाग लेते हुए भारतीय वायुसेना के उप प्रमुख एयर मार्शल नर्मदेश्वर तिवारी ने भी ऑपरेशन सिंदूर पर अपनी राय रखी। उन्होंने कहा कि इस ऑपरेशन के दौरान भारत ने अपनी शक्ति का बड़ा प्रदर्शन किया। उन्होंने कहा कि भारत ने दिखा दिया कि वह 50 से भी कम हथियारों के साथ दुश्मन को बातचीत की मेज पर ला सकता है।




## एक पेड़ मां के नाम अभियान में छात्र-छात्राओं को किया सम्मानित

**खतौली, 25 जुलाई (बु.)।** श्री कुंद-कुंद जैन इंटर कॉलेज में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत वृक्षारोपण करने वाले छात्र-छात्राओं को प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया गया। मिली जानकारी के अनुसार के.के. जैन इंटर कॉलेज के रसायन शास्त्र प्रवक्ता राज कुमार जैन ने देश में बढ़ती ग्लोबल वार्मिंग को देखते हुए छात्र-छात्राओं से ग्रीष्मावकाश में अपने घरों पर एक-एक पौधा लगाने का आह्वान किया गया था, जिस पर विद्यालय के छात्र-छात्राओं शगुन, बुशरा, वर्षा, तान्या, खुशी, रिया, सचिन, मयंक, सोहित, प्रिंस धनगर, तुषार, अयान आदि विद्यार्थियों द्वारा अपने आवास पर एक-एक पौधारोपण कर उसकी देखभाल करने का संकल्प लिया गया।

उक्त छात्र-छात्राओं द्वारा पर्यावरण की सुरक्षा हेतु किये गये सराहनीय कार्य की सराहना करते हुए विद्यालय के प्रधानाचार्य अनुराग जैन ने हमें अपने जन्मदिवस, शादी की वर्षगांठ या किसी विशेष उत्सव पर एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए। उन्होंने कहा कि पौधारोपण की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए पौधा लगाने वाले छात्र-छात्राओं को प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित कर उनका अभिनन्दन किया गया।

# भाजपाई व्हिस्की पिएंगे और लोगों को पिलाएंगे : अखिलेश यादव

## - इस सरकार में यही सबसे सस्ती, ये लोग अपने मंत्री के भी सगे नहीं

**कन्नौज, 25 जुलाई (एजेंसी)।** अखिलेश यादव ने कन्नौज में कहा कि भाजपाई खुद ब्रांडेड व्हिस्की पिएंगे और लोगों को पिलाएंगे, क्योंकि इनकी सरकार में यही सबसे सस्ती है। इन लोगों ने बाजार विदेशियों को दे दिया है। अगर कुछ सस्ता किया है तो वह व्हिस्की है। भाजपा सरकार नौकरी नहीं दे रही, महंगाई-बेरोजगारी ऊपर से बढ़ा दी है। आजादी के बाद से ऐसा पहली बार हो रहा है कि पूरी वोटर लिस्ट नए सिरे से बन रही है। जनता इनकी सच्चाई जान चुकी है। इसलिए भाजपा वाले घबराए हुए हैं और वोटर लिस्ट में हेराफेरी कर रहे हैं। भाजपाइयों की भाषा बहुत खराब है। ये लोग अपने मंत्री तक के सगे नहीं हैं। भाजपा हमेशा से आरक्षण के खिलाफ रही है। यह सरकार पीडीए के खिलाफ है। गरीबों, आदिवासियों, मुस्लिमों, जैन, सिखों और हिंदुओं के खिलाफ है। अगर इनकी सरकार के विरोध में कुछ बोलोगे तो उपराष्ट्रपति जैसा हाल कर दिया जाएगा। अगर उपराष्ट्रपति का स्वास्थ्य खराब है तो क्या कोई भाजपाई उन्हें देखने भी नहीं गया। अगर कोई उन्हें देखने गया होता तो सोशल मीडिया पर उनकी तस्वीरें दिख जातीं। सपा प्रमुख ने बिना नाम लिए यूपी के डिप्टी सीएम बृजेश पाठक पर भी तंज कसा। उन्होंने कहा- डिप्टी सीएम को कई बार डपट पड़ चुकी है। उनके शासन में अस्पताल की 6वीं मंजिल तक कुत्ते घूमते हैं, जो आजकल डिप्टी सीएम हैं, वह पहले किसी के चौकीदार थे। वो भी लाठी वाले चौकीदार हुआ करते थे। उनके एक रिश्तेदार यहीं कन्नौज में रहते हैं। पानी की जो टंकियां बनवाई जा रहीं हैं, वह गिरने लगी हैं। कन्नौज में रेलवे स्टेशन बन रहा था, जिस जगह लोहे कि शटरिंग लगानी चाहिए थी, वहां बांस-बल्लियों पर छत डाली जा रही थी, क्योंकि, लोहे की शटरिंग का पैसा तो भाजपाइयों ने दाने-पानी के लिए ले लिया। हमारी सपा सरकार आने पर सम्राट हर्ष की नगरी और उत्तर भारत की राजधानी कन्नौज के रेलवे स्टेशन को वर्ल्ड क्लास बनाया जाएगा। भाजपा के मंत्री को कानपुर में धरना देना पड़ रहा, क्योंकि, भाजपाई भी इस बात को जानते हैं कि यह पार्टी उनकी सगी नहीं है। ए.के. शर्मा का नाम लिए बिना उन्होंने कहा एक और मंत्री हैं, जो बिजली नहीं दे पा रहे। वह कह रहे हैं कि बिजली न आए तो मंदिर में जाकर घंटा बजाएं। इसलिए अबकी बार चुनाव में हम सभी घंटा बजाने का काम करेंगे। अगर सपा की सरकार आई तो हम बिजली भी बनाएंगे। सस्ती बिजली भी देंगे। साथ ही गरीबों को फ्री में बिजली देने से भी पीछे नहीं हटेंगे।



# 3.80 करोड़ के कॉपर लूट का एक लाख का इनामी अरेस्ट

**जौनपुर, 25 जुलाई (एजेंसी)।** जौनपुर के खेतासराय के पोरईखुर्द निवासी एक लाख रुपये के इनामी बदमाश कार्तिक राजभर को यूपी एसटीएफ ने गुरुवार को पटियाला पंजाब से गिरफ्तार कर लिया। कार्तिक पर कौशांबी में ट्रेलर चालक की हत्या कर 3.80 करोड़ रुपये के कॉपर से लदे ट्रेलर को लूटने का मुकदमा दर्ज है। पुलिस काफी दिनों से इसकी तलाश कर रही थी। यूपी एसटीएफ की ओर से जारी विज्ञप्ति के अनुसार, 15 मई को कौशांबी के थाना कोखराज में कॉपर लदे ट्रेलर का पीछा कर चालक की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इसके बाद 3.80 करोड़ रुपये के कॉपर से लदे ट्रेलर को लूट लिया गया था। वारदात में शामिल कार्तिक राजभर निवासी पोरई खुर्द थाना खेतासराय जौनपुर की पुलिस को तलाश थी।

यूपी पुलिस ने आरोपी पर एक लाख रुपये का पुरस्कार घोषित किया था। एसटीएफ को जानकारी मिली कि कार्तिक राजभर पटियाला (पंजाब) में छिपकर रहा है। इस पर एसटीएफ वाराणसी के निरीक्षक अनिल कुमार सिंह अपनी टीम के साथ पटियाला पहुंचे। टीम ने 24 जुलाई को पटियाला के थाना लाहौरी गेट क्षेत्र के एसएसटी नगर से कार्तिक राजभर को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार कार्तिक राजभर ने बताया कि वह अपने गांव के कुख्यात अपराधी संतोष राजभर उर्फ राजू (पुलिस मुठभेड में मृत) के संपर्क में था। कार्तिक और संतोष ने मिलकर योजना बनाई कि कानपुर-प्रयागराज मार्ग पर कॉपर आदि जैसे कीमती सामान ट्रक-ट्रेलरों से जाते हैं, इसे लूटकर कानपुर में बेचकर अच्छा पैसा कमाया जा सकता है। इस योजना में इन दोनों ने अपने एक साथी रंजित राजभर निवासी राजागंज कुंभ थाना बरदह आजमगढ़ को भी शामिल कर लिया। इन लोगों ने कानपुर के कुछ व्यापारियों से बात कर ली थी। कॉपर आदि जैसी कीमती धातु व्यापारियों को आधे दाम पर बेचने की बात तय हुई। लूट से पहले कानपुर-प्रयागराज मार्ग पर रेकी की थी। 15 मई को अपनी कार से कॉपर लदे ट्रेलर का कानपुर से पीछा करना शुरू किया और कोखराज से आगे प्रयागराज जाने वाले मोड तिराहा के आगे पुलिया के पास कार लगाकर ट्रेलर को रोक लिया। तीनों ने ट्रेलर में चढ़कर चालक सांवरलाल की गोली मारकर हत्या कर दी। तीनों अपनी कार व ट्रेलर को लेकर कानपुर की तरफ ककोढ़ा से आगे सुनसान स्थान पर सड़क के किनारे चालक के शव को फेंक दिया।

## सर्राफा बाजार

**मुजफ्फरनगर, 25 जुलाई, (बु.)।** मुजफ्फरनगर सर्राफा बाजार के भाव इस प्रकार रहेः-

| | | | |
|---|---|---|---|
| सोना- | 98,900 | चांदी- | 115800 |
| सिक्का- | 1230 | गिन्नी- | 73670 |

## आपका आज का राशिफल

**शनिवार, 26 जुलाई, 2025**

**मेष-** आकांक्षित सिद्धि में व्यतिक्रम, साहसिक प्रगति का प्रयास असफल, शत्रु हानि पहुँचाने हेतु प्रयत्नशील, नवसमस्याएँ उपस्थित, वाहन से चोट-चपेट भी संभव।

**वृषभ-** व्यापार में धन निवेश, अधूरे कार्यों की पूर्ति हेतु स्वजनों से सहयोग, राजकीय पक्ष से लाभान्वित, दाम्पत्य जीवन मधुर, आयोजन में सम्मिलित होने का अवसर।

**मिथुन-** पारिवारिक उत्तरदायित्व की पूर्ति, आय के नवीन स्रोत, स्थान परिवर्तन की दिशा में कार्यक्रम, भौतिक सुख के निमित्त अधिक व्यय, इच्छित योजना का सुपरिणाम।

**कर्क-** विनियोजित धन का प्रतिफल आशानुकूल प्राप्त, पुरातन विवाद का निर्णय पक्ष में होने से खुशी, किसी के माध्यम से व्यक्तिगत जीवन में नवीन उपलब्धि।

**सिंह-** परिस्थितियों में व्यतिक्रम, स्वास्थ्य विपरीत, लापरवाही से नुकसान, विरोधियों का वर्चस्व, पारस्परिक सम्बन्धों में कटुता, मानसिक बेचैनी, अपव्यय भी।

**कन्या-** नवीन योजना का श्रीगणेश, इच्छाशक्ति का विकास, व्यक्तिगत जीवन में महत्वपूर्ण घटना घटित, अकल्पित लाभ, दर्शनीय स्थलों की यात्रा का प्रसंग।

**तुला-** स्वविवेक से किया गया कार्य सफल, उच्चाधिकारियों से सम्पर्क का सुयोग, प्रेम सम्बन्धों में प्रगाढ़ता, आपसी समझदारी से तनाव में कमी, भौतिक सुख में वृद्धि।

**वृश्चिक-** कार्य व्यवसाय में उन्नति का अवसर, नवउत्तरदायित्व का निर्वाह, शिक्षा प्रतियोगिता में सफलता, दूसरों के आश्वासनों स मानसिक राहत, यात्रा सुखद।

**धनु-** विशेष प्रयास के बावजूद आंशिक सफलता, व्यापारिक हानि, उत्तरदायित्व की पूर्त में बाधा, आरोप-प्रत्यारोप की स्थिति, जीवनसाथी से कष्ट, यात्रा निष्फल।

**मकर-** विविध पक्षों में अनुकूलता, नवयोजना का श्रीगणेश, सद्विचारों का उदय, आमोद-प्रमोद के साधन सुलभ, नवसम्पर्क उपयोगी, अकल्पित लाभ।

**कुम्भ-** भाग्योन्नति के नवीन आयाम, समझदारी से लिया गया निर्णय हितकर, सुसंदेश से परिवार में हर्षोल्लास, परोपकार की भावना जागृत, मनोरंजन में रुचि।

**मीन-** कार्य व्यवसाय में नवपरिवर्तन, जिम्मेदारियों को निभाने में व्यय, अपने स्तर को बनाये रखने के लिए प्रयत्नशील, आपसी सलाह से कामयाबी, शत्रु परास्त।

**विमल जैन,** हस्तरेखा विशेषज्ञ, रत्न परामर्शदाता, फलित अंक व ज्योतिषी एवं वास्तुविद्, एस-2/1-76,ए, वर्धन भवन, द्वितीय तल, आकांक्षा हॉस्पिटल के पास, टैगोर टाउन एक्सटेंशन (महावीर मंदिर टू यू.पी. कालिज रोड) भोजूबीर, वाराणसी-221002 मोबाइल 9335414722

# तीज पर्व पर लोकगीत गाकर महिलाओं ने पींगे बढ़ाई

**खतौली, 25 जुलाई (बु.)।** दिगम्बर जैन महासमिति महिला प्रकोष्ठ द्वारा तीज पर्व पर आयोजित कार्यक्रम में महिलाओं ने श्रृंगार कर ढोलक की थाप पर लोकगीत गाते हुए झूले पर पींग बढ़ायी। मिली जानकारी के अनुसार हरियाली तीज के अवसर पर दिगम्बर जैन महासमिति महिला प्रकोष्ठ द्वारा गीता जैन के संयोजन में आयोजित कार्यक्रम में समिति की अध्यक्षा डॉ. ज्योति जैन ने बताया कि कालीदास की रचना मेघदूत हो या महाकवि जायसी की पद्यामवत प्रेम व विरह के मर्म की छू लेने वाली कविताएं हैं, जो सम्पूर्ण विश्व को सम्मोहित करती हैं। उन्होंने कहा कि श्रावण मास वास्तव में उल्लास व संवेदनाओं का महीना है। इस माह में प्रकृति की अनुपम छटां देखने को मिलती है। इस अवसर पर आयोजित सोलह श्रृंगार कर शामिल हुई महिलाओं द्वारा जहां अनेक रोचक कार्यक्रम प्रस्तुत किये, वहीं ढोलक की थाप पर नृत्य कर अपनी प्रतिभाओं का प्रदर्शन करते हुए झूले का आनन्द उठाया। तीज कार्यक्रम में अलका, सुमन, रेणु, सीमा, राजबाला, मिनाक्षी, निर्मल, रजनी आदि महिलाएं मौजूद रही। तीज कार्यक्रम का अतिथि सत्कार पूनम जैन ने किया।



# अटेवा के बैनर तले 1 अगस्त को रोष मार्च को लेकर मंथन

**मुजफ्फरनगर, 25 जुलाई (बु.)।** एसडी इंटर कॉलेज प्रांगण में अटेवा पेंशन बचाओ मंच के बैनर तले संपन्न सम्मान समारोह में संगठन की बेहतरी के साथ आगामी 1 अगस्त को आयोजित होने वाले रोष मार्च की तैयारियों पर मंथन किया गया। बैठक में मुख्य अतिथि एमए अल्वी जिला अध्यक्ष पेंशनर्स सेवा संस्थान, अध्यक्षता संजीव बालियान जिलाध्यक्ष जू. हाई स्कूल शिक्षक संघ तथा संचालन राकेश पासी द्वारा किया गया। बैठक में प्रदेश कार्यकारिणी द्वारा मनोनीत पदाधिकारियों को सम्मानित किया गया। इनमें प्रमुख रूप से डॉ. दीपक गर्ग, मनोज कुमार, प्रीतवर्धन शर्मा, संगीता जावला समेत कार्यकारिणी द्वारा मनोनीत ब्लॉक पदाधिकारियों को भी सम्मानित किया गया। इनमें डॉ. अनुज राठी, अंकित कुमार, अशोक कुमार, हंस कुमार, विकास मोतला, सोमपाल, संजय त्यागी, सरफराज, निखिल बालियान, विजय सिंह, महेन्द्र कुमार को सम्मानित किया गया। बैठक में प्रीतवर्धन शर्मा ने कहा कि पुरानी पेंशन खैरात नहीं, यह हमारा अधिकार भी है, जिसे हम लेकर रहेंगे। राहुल कुशवाहा ने चेतावनी भरे स्वर में कहा कि यदि सरकार ने शीघ्र पुरानी पेंशन बहाल नहीं की, तो हम ईंट से ईंट बजा देंगे। बैठक में मुख्य रूप से यशपाल अरोरा, रमेशचंद, विशाल भारद्वाज, सुनील पंवार, पुष्पेंद्र चौधरी, संजय राठी, प्रशांत शर्मा, सुभाष यादव, सार्थक शर्मा, कपिल शर्मा, डॉ संजीव लांबा, राहुल चौधरी, कुलवंत सिंह, भूषण लाल, संजय कुमार, मनीष कुमार, विदुषी चौधरी, नीलम मलिक, रोशन लाल, राजबल, मदन पाल, अजय गुप्ता, प्रियंक देव, अनिल सिंह, अमित शर्मा, अमित कुमार, सचिन वर्मा,अनार सिंह राणा, बिजेंद्र बहादुर, सौरभ कुमार, देवी सिंह, संदीप मलिक, अनुज गोयल, सचिन वर्मा, अंकित कुमार, देवराज, प्रदीप कुमार आदि सम्मिलित रहे।












# शाहपुर क्षेत्र के सिद्धपीठ एकांतेश्वर धाम जुड्डी वाला मंदिर में 108 कलशों द्वारा महारुद्राभिषेक

## - भव्य आयोजन में 6800 शिवभक्तों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई - हिंदू हृदय सम्राट यशवीर महाराज ने श्रद्धालुओं को किया संबोधित

**शाहपुर, 25 जुलाई (बु.)।** क्षेत्र के प्रसिद्ध व श्रद्धा के केंद्र श्री एकांतेश्वर महादेव धाम जुड्डी वाला मंदिर(पलड़ा) में पावन श्रावण मास की शिवरात्रि के अवसर पर भव्य 108 कलशों द्वारा रुद्राभिषेक का आयोजन विधिवत सम्पन्न हुआ। इस विशेष अवसर पर मंदिर ट्रस्ट द्वारा एक विज़िटर बुक की व्यवस्था की गई, जिसमें श्रद्धालुओं ने मंदिर के प्रति अपने भाव व सुझाव अंकित किए। विज़िटर बुक में सर्वप्रथम पावन उपस्थिति देकर स्वामी यशवीर जी महाराज ने मंदिर के प्रति अपने भाव व्यक्त किए और आशीर्वचन स्वरूप शुभकामनाएँ दर्ज कीं। इसके पश्चात सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भी विज़िटर बुक में मंदिर के प्रति अपने विचार, भावनाएँ व सहयोग की भावना को कलमबद्ध किया। मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष रजत बंसल ने जानकारी देते हुए बताया कि पूरे दिन भर में अनुमानित 6800 श्रद्धालुओं ने मंदिर प्रांगण में आकर भगवान आशुतोष के दर्शन लाभ लिए एवं अपने परिवार, गाँव और कस्बे की मंगलकामनाओं के साथ आशीर्वाद प्राप्त किया। इस आयोजन ने क्षेत्रवासियों के मन में भक्ति की भावना को और प्रगाढ़ किया तथा महादेव के प्रति अपार श्रद्धा का परिचय दिया।

## भगवान भोलेनाथ को अर्पित किया गया 56 भोग, चांदी का मुकुट, लाखों का बैंक चेक व चढ़ावा

शाहपुर, 25 जुलाई (बु.)। श्री एकांतेश्वर महादेव धाम (पलड़ा) में श्रावण मास की शिवरात्रि के अवसर पर भव्य रुद्राभिषेक के साथ अद्भुत श्रद्धा और आस्था का दृश्य देखने को मिला। श्रद्धालुओं द्वारा भगवान भोलेनाथ को 56 भोग, चाँदी का भव्य मुकुट, लाखों रुपये के बैंक चेक मंदिर ट्रस्ट की जनउद्धार योजना हेतु, साथ ही लाखों रुपये का नकद चढ़ावा, नोटों की मालाएँ तथा एक विशेष भेंट चाँदी की परात शिवलिंग पर अर्पित की गई। मंदिर ट्रस्ट के मीडिया प्रभारी सचिन संगल ने जानकारी दी कि श्रद्धालुओं के इस अपार सहयोग और भक्ति भाव से प्रेरित होकर मंदिर के नवनिर्माण व विस्तार कार्य में तेजी लाई जाएगी, जिससे कस्बावासियों का वर्षों पुराना सपना शीघ्र ही साकार होने वाला है। यह आयोजन न केवल भक्ति भाव से ओतप्रोत रहा, बल्कि समाज की एकजुटता और मंदिर के प्रति जनसहयोग का भी प्रतीक बना। भक्तों ने इस आयोजन को ऐतिहासिक बताया और कहा कि महादेव की कृपा से क्षेत्र में समृद्धि और शांति का वातावरण और अधिक सुदृढ़ होगा। उधर, कस्बे के प्राचीन मंदिर शिवालय में आयोजित जागरण में मुख्य अतिथि श्यामपाल संगल भाई जी, श्यामपाल बच्ची सैनी, वरिष्ठ सपा नेता सतेंद्र पाल, समाजसेवी अरविंद पाल रहे, जबकि उदघाटन विजय कुमार सैनी ने किया। दीप प्रज्ज्वलित प्रमेश सैनी मनोज सैनी, सोनू सैनी ने किया। उमेश मित्तल अरविंद पाल ने कार्यक्रम के आयोजक राधेश्याम प्रधान, टोनी शर्मा, भाग्य शर्मा, विपिन सैनी, राकेश सैनी, जयपाल नामदेव, अशोक सैनी, अनिल सैनी, मुकेश सैनी, आदेश कुमार, रोताश प्रजापति, धर्मेंद्र कटारिया, संजू नामदेव, नवदीप मित्तल एवं समस्त हिन्दू समाज उपस्थित रहा।



# लेडीज क्लब द्वारा थीम आधारित तीज महोत्सव—मॉनसून इन बॉलीवुड की रंगारंग प्रस्तुति

**मुजफ्फरनगर, 25 जुलाई (बुस.)।** गुरुवार को आशीर्वाद बैंक्वेट हॉल में लेडीज क्लब द्वारा आयोजित तीज महोत्सव अत्यंत उल्लासपूर्ण वातावरण में मनाया गया। इस वर्ष का विशेष आकर्षण था (थीमः मॉनसून इन बॉलीवुड), जिसमें महिलाओं ने बॉलीवुड के वर्षा गीतों पर आधारित परिधान पहनकर कार्यक्रम में चार चाँद लगा दिए। कार्यक्रम का शुभारंभ पारंपरिक तीज गीतों और स्वागत नृत्य से हुआ। आयोजन की शुरूआत क्लब सचिव डॉ. रिंकू एस. गोयल और कोषाध्यक्ष मोनिका गोयल (कोषाध्यक्ष) ने की और समिति के सभी सदस्यों की गरिमामयी उपस्थिति ने आयोजन को और भी गौरवमयी बना दिया। प्रोग्राम संयोजक रमा भाटिया एवं रचना अग्रवाल ने संपूर्ण कार्यक्रम की रूपरेखा को योजनाबद्ध ढंग से प्रस्तुत किया और सभी गतिविधियों को सुव्यवस्थित रूप से संपन्न करवाया। कार्यक्रम में विशेष रूप से ग्रुप डांस परफॉर्मेंस,बॉलीवुड रेन सॉन्ग्स पर नृत्य मोनिका गोयल, सोनिया लूथरा, सान्या बिंदल, मोना कपूर, डॉ. ऋतु, अंकिता बिंदल, डॉ. मंजू प्रभाकर, रेनू, डॉ. शिल्पी, सीमा, शिप्रा, शैली, प्रेरणा, रमा ने समा बांध दिया। स्वाद से भरपूर यम्मी फूड स्टॉल्स, रे और सजावटी सामग्री, सरप्राइज गिफ्ट्स व लक्की ड्रा, पारंपरिक साज-सज्जा और सजावटी थीम ने पूरे हॉल को उत्सवमयी बना दिया। महिलाओं ने पारंपरिक वेशभूषा में प्रतिभाग किया और पूरे आयोजन स्थल को एक उत्सवमय दृश्य में बदल दिया। सभी उपस्थितजनों के लिए स्वादिष्ट जलपान की व्यवस्था भी की गई। टीम लेडीज क्लब द्वारा इस भव्य आयोजन की भरपूर सराहना की गई। उन्होंने सभी प्रतिभागियों और उपस्थित महिलाओं को उनके सक्रिय सहयोग, उत्साह और पारंपरिक भावनाओं के साथ जुड़े रहने के लिए हृदय से धन्यवाद ज्ञापित किया। यह आयोजन केवल एक उत्सव नहीं था, बल्कि नारी शक्ति, सांस्कृतिक धरोहर और पारंपरिक मूल्यों के अद्भुत मिलन का जीवंत प्रतीक बनकर उभरा। टीम लेडीज क्लब द्वारा सभी सखियों का तहे दिल से स्वागत एवं धन्यवाद किया गया। यह आयोजन न केवल परंपरा और संस्कृति को संजोने का प्रयास था, बल्कि महिलाओं को रचनात्मकता, आत्म-प्रदर्शन और आपसी संबंधों को सशक्त करने का सुनहरा अवसर भी प्रदान करता है।



# सीएमओ ने किया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भोपा का औचक निरीक्षण

**भोपा, 25 जुलाई (बु.)।** मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. सुनील तेवतिया द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) भोपा का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अस्पताल में उपलब्ध स्वास्थ्य सेवाओं, चिकित्सकीय स्टाफ की उपस्थिति, सफाई व्यवस्था तथा औषधियों की उपलब्धता का गहनता से जायजा लिया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भोपा के निरीक्षण के दौरान डॉ. तेवतिया ने ओपीडी, इमरजेंसी वार्ड, प्रसव कक्ष, दवा वितरण कक्ष तथा प्रयोगशाला का निरीक्षण करते हुए वहां की व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। उन्होंने चिकित्सकों एवं स्वास्थ्यकर्मियों से बातचीत कर उनकी उपस्थिति पंजिका की जांच की और समय पर मरीजों को चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। सीएचसी में सफाई व्यवस्था को लेकर उन्होंने संतोष व्यक्त किया, किंतु कुछ स्थानों पर जल निकासी और साफ-सफाई को और बेहतर बनाने के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि मरीजों को एक साफ-सुथरा, सुरक्षित और स्वास्थ्यवर्धक वातावरण उपलब्ध कराना प्राथमिकता में होना चाहिए। मुख्य चिकित्साधिकारी ने दवा भंडार का भी निरीक्षण किया और उपलब्ध जीवनरक्षक दवाओं की सूची की समीक्षा की। उन्होंने यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए कि सभी आवश्यक दवाएं नियमित रूप से उपलब्ध रहें और मरीजों को मुफ्त में वितरित की जाएं। निरीक्षण के अंत में डॉ. सुनील तेवतिया ने केंद्र में कार्यरत चिकित्सा अधिकारियों और स्टाफ की बैठक लेकर स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार लाने के लिए सुझाव भी दिए। उन्होंने कहा कि सरकारी अस्पतालों में आने वाले प्रत्येक मरीज को समय पर और उचित उपचार मिलना चाहिए और इसके लिए सभी कर्मियों को संवेदनशील और जिम्मेदार बनकर कार्य करना होगा।





संस्थापक सम्पादक एवं हमारे प्रेरणास्रोत स्व. उत्तमचन्द्र शर्मा

**मुजफ्फरनगर बुलेटिन**

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक श्रीमति पूजा दुआ ने 'मुजफ्फरनगर बुलेटिन' प्रातःकालीन दैनिक 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर को 'दैनिक बुलेटिन प्रेस' 223-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से मुद्रित कराकर 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से प्रकाशित किया।
सम्पादक-अंकुर दुआ
(प्रकाशक)-98370-42840, 94127-10840
(विज्ञापन)-9368549219 (नि.) 7983359929
सम्पादक-9412210257
E-mail :
muzaffarnagar_bulletin@yahoo.co.in
muzaffarnagar_bulletin@rediffmail.com



1973-2025

सम्पादक की क़लम से

# सबसे अधिक समय के गैर कांग्रेसी पीएम

प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी की राजनैतिक यात्रा बड़े ही गरिमापूर्ण ढंग से आगे बढ़ रही है। विश्व भर में भारत का और प्रधानमन्त्री मोदी का सम्मान बढ़ रहा है। देश प्रथम और सबका साथ-सबका विकास जैसे उनके सूत्र उन्हें अन्य नेताओं से अलग करते हैं। नरेन्द्र मोदी पहले और एकमात्र ऐसे प्रधानमन्त्री हैं, जिनका जन्म भारत की स्वतंत्रता के बाद हुआ। वे सबसे लंबे समय तक पद पर रहने वाले गैर-कांग्रेसी प्रधानमन्त्री हैं। उनसे पहले यह रिकॉर्ड पूर्व प्रधानमन्त्री अटल बिहारी वाजपेयी के नाम था। मोदी भारत के सभी प्रधानमंत्रियों और मुख्यमंत्रियों के बीच एकमात्र ऐसे नेता हैं, जिन्होंने किसी पार्टी के नेता के रूप में लगातार छह चुनाव जीते हैं। उन्होंने 2002, 2007 और 2012 में गुजरात विधानसभा चुनाव के बाद 2014, 2019 और 2024 के लोकसभा चुनाव जीते हैं। 2024 में एनडीए को तो पूर्ण बहुमत मिल गया, लेकिन भाजपा की कुछ सीटे कम हो गयी विपक्षी दलों ने सरकार बनाने की बहुत कोशिश की, लेकिन विपक्ष सफल नहीं हुआ और प्रधानमन्त्री ने लगातार तीसरी बार पद की शपथ ली और सरकार बना ली। लगातार सबसे अधिक दिन प्रधानमन्त्री रहने के मामले में देश के पहले प्रधानमन्त्री जवाहरलाल नेहरू शीर्ष पर हैं। वह 15 अगस्त 1947 से 27 मई 1964 तक यानी लगातार कुल 6126 दिन तक इस पद पर रहे। पीएम मोदी को इस रिकार्ड की बराबरी के लिए अभी 2048 दिन के कार्यकाल की और आवश्यकता है। नरेन्द्र मोदी के नाम 2001 से अब तक कुल 7878 दिन सरकार में नेतृत्व देने का रिकॉर्ड भी बन गया,13 साल मुख्यमन्त्री और 11 साल प्रधानमन्त्री के रूप में। यदि राज्य में उनके सीएम कार्यकाल को भी गिन लिया जाए तो वह पहले नेता हैं, जो किसी चुनी हुई सरकार के सबसे लंबे समय तक मुखिया रहे हैं। एक रिकॉर्ड यह भी है कि वह पहले ऐसे गैर-कांग्रेसी प्रधानमंत्री हैं, जिन्होंने अपने दम पर बहुमत हासिल करके दो बार सरकार बनाई। इंदिरा गांधी के कार्यकाल के बाद वह पहले ऐसे पीएम हैं, जिन्होंने दोबारा बहुमत के साथ सत्ता हासिल की। प्रधानमन्त्री ने अपने शासन के दौरान जन धन योजना, स्वच्छ भारत अभियान,आयुष्मान भारत, डिजिटल इंडिया, उज्ज्वला योजना, मेक इन इंडिया, तीन तलाक पर प्रतिबंध, जीएसटी, कोविड-19 वैक्सीन का मुफ्त टीकाकरण, देश भर में सड़कों का जाल, नया संसद भवन और अनुच्छेद-370 हटाने जैसे बड़े कदम उठाए। इन निर्णयों से भारत की आर्थिक, सामाजिक और राजनीतिक दिशा में बड़ा बदलाव आया। वे भारत के ऐसे भी पहले प्रधानमन्त्री बन गए हैं, जिन्हें दुनिया के 26 से अधिक देशों ने अपने सर्वोच्च नागरिक सम्मान से अलंकृत किया है। हाल ही में घाना और ब्राजील ने उन्हें अपने सबसे प्रतिष्ठित नागरिक अवॉर्ड देकर उन्हें इस सूची में शामिल किया है। सम्मान ग्रहण करते हुए प्रधानमन्त्री मोदी ने इसे घाना की जनता और भारत के युवाओं को समर्पित किया और कहा कि यह सम्मान भारत-घाना के सांस्कृतिक और ऐतिहासिक संबंधों का प्रतीक है। अभी ब्रिटेन में ब्रिटेन-भारत के बीच फ्री ट्रेड डील हुई अब प्रधानमन्त्री मालदीव में हैं। मालदीव में प्रधानमन्त्री के भव्य स्वागत के लिये पूरी मालदीव सरकार एयरपोर्ट पर उपस्थित थी। प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी मालदीव के दो दिन के दौरे पर पहुंच चुके हैं। मालदीव पहुंचते ही पीएम मोदी का भव्य स्वागत हुआ है। खुद राष्ट्रपति मोहम्मद मोइज्जू ने उन्हें गले लगाया है। सोशल मीडिया पर इस भव्य स्वागत का वीडियो वायरल हो चुका है, पूरी दुनिया में भारत की धमक देखी गई है। बड़ी बात यह है कि कुछ समय पहले तक भारत और मालदीव के रिश्ते तनावपूर्ण चल रहे थे, लेकिन अब मुइज्जू रिश्ते सुधारने की कवायद में लग चुके हैं। इस भव्य स्वागत का जो वीडियो सामने आया है, उसमें सिर्फ मुइज्जू ही नहीं बल्कि पूरी मालदीव की सरकार एयरपोर्ट पर पहुंची हुई थी, सभी मंत्रियों ने पीएम मोदी का अभिनंदन किया है। मुइज्जू के आमंत्रण पर पीएम मोदी मालदीव पहुंचे हैं, वे यहां मालदीव की स्वतंत्रता दिवस की 60वीं वर्षगांठ में हिस्सा लेंगे। प्रधानमन्त्री मोदी मालदीव के स्वतंत्रता समारोह के मुख्य अतिथि होंगे। प्रधानमन्त्री मोदी का यह स्वागत इसलिए महत्वपूर्ण है, क्योंकि मालदीव और भारत के रिश्ते लंबे समय से तल्ख चल रहे थे। पहले तो भारतीय सेना का मालदीव में होना विवाद का विषय था, इसके ऊपर मालदीव की चीन के साथ बढ़ती दोस्ती भी भारत को बेचैन कर रही थी। वहीं पिछले साल लक्षद्वीप विवाद ने भी रिश्तों में कड़वाहट लाने का काम किया था। प्रधानमन्त्री के इस कार्यकाल में मेक इन इंडिया कार्यक्रम भी बहुत सफल रहा। विपक्ष ने इसका खूब मजाक उड़ाया था। अब ऑपरेशन सिंदूर के समय पूरी दुनिया ने मेक इन इंडिया के तहत बने हथियारों का जलवा देखा। डिफेंस में कल भी भारत को एक और बड़ी कामयाबी मिली है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने घोषणा की है कि डीआरडीओ ने आंध्र प्रदेश के कुरनूल में नेशनल ओपन एरिया रेंज में लॉन्च्ड प्रेसीजन गाइडेड मिसाइल का सफल उड़ान परीक्षण किया है। यह परीक्षण भारत की रक्षा क्षमताओं में एक बड़ी उपलब्धि है और यह दर्शाता है कि भारतीय उद्योग अब महत्वपूर्ण रक्षा तकनीकों को अपनाने और उत्पादित करने के लिए तैयार है। भारत के रक्षा क्षेत्र में 2014 ही से उल्लेखनीय परिवर्तन आया है, जो कि बड़े पैमाने पर आयात पर निर्भर सैन्य बल से विकसित होकर आत्मनिर्भरता और स्वदेशी उत्पादन पर केंद्रित हो गया है। वैश्विक स्तर पर सबसे मजबूत सैन्य शक्तियों में से एक के रूप में भारत क्षेत्रीय सुरक्षा सुनिश्चित करने और रणनीतिक लक्ष्यों को पूरा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निबाह रहा है। देश का रक्षा बजट 2013-14 में 2,53,346 करोड़ था, जिसमें उल्लेखनीय वृद्धि हुई है और यह 2024-25 में 6,21,940.85 करोड़ तक पहुँच गया है। यह देश की रक्षा क्षमताओं को मजबूत करने की स्पष्ट प्रतिबद्धता दर्शाता है। इस परिवर्तन का केंद्र भारत के रक्षा विनिर्माण उद्योग का विकास है, जो अर्थव्यवस्था का एक अभिन्न अंग बन गया है। मेक इन इंडिया पहल और नीति सुधारों के माध्यम से सरकार ने घरेलू उत्पादन को सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया है और विदेशी खरीद पर निर्भरता कम की है। यह बदलाव रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता हासिल करने के भारत के व्यापक दृष्टिकोण का एक प्रमुख घटक रहा है, जिसने देश को उन्नत सैन्य प्रौद्योगिकियों और उपकरणों के उत्पादन के लिए एक उभरते केंद्र के रूप में स्थापित किया है।

### चार तीर

सुनील उत्सव

"जरूरत" "दुनिया" "मोहब्बत" "चाहत"

जरूरत कर सको पूरी, तभी आगे को चलना तुम,
जरूरत पर टिके रिश्तों की दुनिया में जरूरत है।
मोहब्बत और चाहत में, जरा सा भेद है प्यारे,
मोहब्बत अब नहीं मिलती जो मिलती है वो चाहत है।

# सहारनपुर में घूसखोर स्टेनो सिर पकड़कर खूब रोया, एंटी करप्शन टीम ने घूस लेते रंगे हाथ पकड़ा



**सहारनपुर, 25 जुलाई (एजेंसी)।** सहारनपुर में डीआईओएस का स्टेनो अजय शुक्रवार को घूस लेते पकड़ा गया। एंटी करप्शन टीम ने ऑफिस से उसे रंगे-हाथों पकड़ा। आरोप है कि अजय कुमार ने यू-डायस पोर्टल पर छात्रों का एडमिशन अपडेट करने के नाम पर 5 हजार रुपए मांगे थे। स्कूल प्रबंधक ने इसकी शिकायत एंटी करप्शन टीम से की थी। टीम ने प्लानिंग के तहत आरोपी अजय कुमार को 5 हजार रुपए घूस लेते पकड़ लिया। उसके पास से पूरी रकम बरामद की गई है। आरोपी के खिलाफ थाना सदर बाजार में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कराया गया है। प्रबंधक ईश्वर चंद ने बताया, बड़ी संख्या में उनके स्कूल के 9वीं से 12वीं तक के छात्रों को एक फर्जी स्कूल में ट्रांसफर कर दिया गया है। उस स्कूल का नाम वेदांता बताया गया है, जिसकी मान्यता भी नहीं है। बच्चों को उस स्कूल में बैठाकर पढ़ाया भी जाने लगा था। जब उन्होंने शिक्षा विभाग से संपर्क किया तो स्टेनो अजय कुमार ने बच्चों को वापस लाने के एवज में 10 हजार रुपए की मांग की।

# शुरू हुई स्नातक एमएलसी चुनाव मतदाता निर्वाचन प्रक्रिया

## - अब जनपद में शुरू होगा नए मतदाता बनाने का अभियान



**मुजफ्फरनगर, 25 जुलाई (बु.)।** सहारनपुर-मुजफ्फरनगर स्नातक निर्वाचन क्षेत्र में एमएलसी चुनाव से पूर्व भाजपा ने जिम्मेदारी तय करते हुए मतदाता बनाने का अभियान तेज करने का आगाज कर दिया है। चुनाव में सात महीने का समय अभी शेष है। इस बीच जनपद में विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से सक्रिय भागीदारी करने की खातिर बैठकों के माध्यम से कार्यकर्ताओं को एकजुट करने के साथ ही धरातल पर सक्रियता बढ़ा दी है। वे शिक्षकों व स्नातकों से सीधा संवाद कर रहे हैं। स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के लिए प्रमुख दलों ने अभी तक अपने प्रत्याशियों की घोषणा नहीं की है। इस चुनाव में हर बार नई मतदाता सूची बनती है। आमतौर पर स्नातक मतदाता बनने में रुचि नहीं लेते हैं। सिर्फ दावेदार अपने समर्थकों के माध्यम से स्नातकों का विवरण एकत्र कर आवेदन जमा करवा रहे हैं। इन दावेदारों के समर्थक नौकरीपेशा लोगों के साथ स्नातकों से संपर्क करते हैं। इंटरनेट मीडिया का उपयोग भी इस जागरूकता के लिए बेहतर माध्यम साबित होता आ रहा है। इसी कड़ी में भाजपा ने अपने कार्यकर्ताओं को बूथ स्तर पर स्नातकों को चिह्नित करने और उन्हें मतदाता बनने के लिए प्रेरित करने का काम सौंपने की पहल शुरू कर दी है। स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के चुनाव में सिर्फ वही लोग मतदाता बन सकते हैं, जिन्होंने अक्टूबर 2025 तक अपना स्नातक कोर्स पूरा कर लिया है। मतदाता बनने के लिए आवेदन पत्र के साथ स्नातक का अंकपत्र एवं एक पहचान पत्र की प्रति जमा करनी होगी। बता दें, पहले भी भाजपा कार्यकर्ताओं ने सभी की वोट बनवाने में सहयोग किया था इस बार भी करेंगे। पहले बनी वोट शून्य हो जाती है अब फिर से सब की नए सिरे से वोट बनाई जाएंगी। इसके लिए आगामी 5 अगस्त से भाजपा के एमएलसी के चुनाव की दृष्टि से बनाए गए विधानसभा संयोजक के साथ सह संयोजक, मंडल संयोजक या सह संयोजक, मण्डल अध्यक्ष या फिर किसी भी भाजपा कार्यकर्ता से फार्म प्राप्त कर सकते हैं।

# ऊर्जा मंत्री की टिप्पणी पर सड़कों पर उतरा वैश्य समाज



**मुजफ्फरनगर, 25 जुलाई (बु.)।** योगी सरकार में ऊर्जा मंत्री एके शर्मा द्वारा वैश्य समाज पर की गई अभद्र टिप्पणी के खिलाफ महाराजा अग्रसेन सेवा समिति ने विरोध प्रदर्शन करते हुए प्रदेश के मुख्यमंत्री को जिला प्रशासन के माध्यम से एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में संगठन के प्रदेश अध्यक्ष अमित उर्फ बंटी किनौनी के नेतृत्व में वैश्य समाज के लोगों ने मुख्यमंत्री से मांग की या तो इस मामले में सार्वजनिक रूप से ऊर्जा मंत्री माफी मांगेंगे या फिर मुख्यमंत्री इन्हें मंत्रीमंडल पद से निष्कासित करें। महाराजा अग्रसेन सेवा समिति के प्रदेश अध्यक्ष अमित बंटी ने ज्ञापन के माध्यम से चेतावनी दी कि यदि ऊर्जा मंत्री ने सार्वजनिक रूप से माफी नहीं मांगी तो वैश्य समाज अपने सम्मान की खातिर सड़कों पर उतर कर विरोध प्रदर्शन करेंगी। उन्होंने चेताया कि वैश्य समाज अपना अपमान कतई भी बर्दाश्त नहीं करेंगा। उन्होंने कहा कि 2027 में भाजपा सरकार का वोट की चोट से जवाब देने का काम करने से पीछे नहीं हटेगा। इस दौरान मुख्य रूप से पवन मित्तल, मनोज गोयल, श्रवण मित्तल, मनीष गर्ग, नीरज गर्ग, मनोज सौदाई एड, अमित मित्तल, गौरव महेश्वरी, अमित अग्रवाल, अंकुर गुप्ता, रवि गर्ग, काव्य गर्ग, सुमित पंवार के अलावा सफाई कर्मचारी संघ के महामंत्री मिलन बिडला, नरेश नन्दन बाल्मीकि आदि मौजूद रहे।

# चर्च के सामने से अवैध रूप से किए अतिक्रमण को हटाया

**मुजफ्फरनगर, 25 जुलाई (बु.)।** सदर बाजार में स्थित चर्च रोड पर अतिक्रमण कराने की शिकायत पर त्वरित कार्रवाई करते हुए ईओ पालिका ने टीम को भेजकर वहां अवैध रूप से किए गए अतिक्रमण को जबरन हटाया। अतिक्रमण हटाने को लेकर कुछ लोगों ने विरोध किया, लेकिन टीम ने सख्ती के साथ चर्च रोड पर फलों के ठेले और राखी का अस्थाई बाजार हटाने के साथ भविष्य में जाम लगने की स्थिति पर सख्त कदम उठाए जाने की चेतावनी दी। कुछ लोगों द्वारा सदर बाजार चर्च के सामने अवैध रूप से बीते कई दिनों से टैंट लगाकर बाजार लगाए जाने की बड़ी योजना पर शुक्रवार को उस वक्त पानी डाल दिया, जब इस मार्ग पर जाम लगे होने की शिकायत पालिका ईओ से की। शिकायत पर पालिका की टीम ने मौके पर पहुंचकर यहां लगे अवैध अतिक्रमण को हटाना जैसे ही शुरू किया, तभी वहां कुछ लोगों के साथ पहुंचे सभासद पति ने विरोध करने का प्रयास किया। हंगामे के बीच में उसके तमाम दबाव पालिका टीम के समक्ष विफल साबित रहे और पालिका टीम ने सख्त कार्रवाई करते हुए कई दिनों से जारी उक्त अवैध रूप से किए अतिक्रमण को हटवा दिया। साथ ही भविष्य में इस क्षेत्र में अतिक्रमण किए जाने पर कड़ी कार्रवाई किए जाने की चेतावनी दी।

# न्यू एसडी कॉलेज मार्किट में होगा श्रीराम कथा का गुणगान

## - कथा व्यास अरविन्द महाराज करेंगे भक्तों पर अमृत ज्ञान वर्षा - सोमवार को कलश यात्रा से होगा कार्यक्रम का शुभारंभ



**मुजफ्फरनगर, 25 जुलाई (बु.)।** एसडी कॉलेज न्यू मार्किट एसोसिएशन शिव मंदिर प्रांगण में मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम की जीवन गाथा पर आधारित श्रीराम कथा के माध्यम से महोत्सव मनाने जा रही है। सोमवार 28 जुलाई से 05 अगस्त तक संपन्न होने वाले इस धार्मिक आयोजन के दौरान कथा व्यास अरविन्द जी महाराज अपने मुखारविंद से प्रभु श्रीराम की महिमा का गुणगान करने के साथ विभिन्न प्रसंगों के माध्यम से भक्तों पर ज्ञान गंगा की वैतरणी में डुबकी लगाने का सौभाग्य भी उपलब्ध कराने के साक्षी बनेंगे। नगर के शिवचौक के निकट स्थित एसडी कॉलेज न्यू मार्किट एसोसिएशन द्वारा मंदिर प्रांगण में व्यास पीठ से हरि अनंत हरि कथा अनंता। कहहि सुनहिं बहुबिधि सब संता।। की संगीतमयी कथा का गुणगान सोमवार से होने जा रहा है। शुक्रवार को मीडिया से वार्ता करते हुए एसोसिएशन के संरक्षक राकेश कंसल एवं अध्यक्ष अनिल नामदेव ने बताया कि सोमवार 28 जुलाई को कलश यात्रा के साथ प्रारंभ होने वाले इस धार्मिक आयोजन में प्रतिदिन अपराह्न 3 बजे से सांय 6 बजे तक मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम की जीवन गाथा का वर्णन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि सोमवार सुबह भव्य कलश यात्रा के साथ प्रारंभ होने वाले कार्यक्रम में प्रथम दिवस स्वामी ओमानंद जी महाराज व दीपांकर महाराज के सान्निध्य में मुख्य अतिथि के रूप में मंत्री कपिल देव अग्रवाल, पूर्व मंत्री डॉ. संजीव बालियान, पूर्व विधायक अशोक कंसल, उद्यमी भीम कंसल, मुजफ्फरनगर बुलेटिन संपादक अंकुर दुआ व अरविन्द बंसल मिर्च वालों की गरिमामयी उपस्थिति में श्रीराम कथा का शुभारंभ किया जाएगा। उन्होंने बताया कि मुख्य यजमान के रूप में पालिका चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप, वरिष्ठ भाजपा नेता गौरव स्वरूप, एसडी कॉलेज एसो. से जुड़े नीरज कुमार, आकाश कुमार, अनुभव कुमार, ध्रुव कुमार मुख्य यजमान और दीप प्रज्ज्वलन उद्यमी राकेश बिंदल, निरंकार स्वरूप, सतीश सेठी, सौरभ स्वरूप बंसल व विकास स्वरूप बंसल करेंगे। एसोसिएशन से जुड़े पदाधिकारियों ने मीडिया के बूते आमजन से आह्वान किया कि धर्म और संस्कृति के माध्यम से होने वाली श्रीराम कथा का श्रवण कर धर्म लाभ उठाएं। एसडी कॉलेज न्यू मार्किट एसोसिएशन से जुड़े विजय तागरा, श्याम जसूजा, संजीव गोयल, अजय मदान, अनुराग गर्ग, अचिन कंसल, नरेश अरोरा, रोमिल सिंघल, नितिन मित्तल, आकाश दीप, रक्षित नामदेव अरविन्द जैन, नरेश पोपली, पंकज गर्ग, सुभाष चुग्घ, अनिल गर्ग आदि पदाधिकारी व सदस्य मौजूद रहे।

# चरथावल नगर पंचायत में ईओ की हुई नियुक्ति

**चरथावल, 25 जुलाई (बु.)।** पिछले दो महीने से नगर पंचायत में खाली चल रहे अधिशासी अधिकारी के पद पर खतौली नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी राजीव कुमार को चरथावल नगर पंचायत में अधिशासी अधिकारी के रूप में अतिरिक्त चार्ज दिया गया है। जानकारी के अनुसार जहाँ करीब पिछले दो महीने पूर्व नगर पंचायत चरथावल की अधिशासी अधिकारी नीलम पांडे का शासन द्वारा नगर पंचायत चरथावल से मीरापुर नगर पंचायत में तबादला कर दिया गया था।

नीलम पाण्डेय के तबादले के बाद से नगर पंचायत चरथावल में ईओ का पद खाली चल रहा था, जिससे नगर पंचायत चरथावल के विकास कार्य सहित कर्मचारियों की तनख्वाह आदि के कार्य भी प्रभावित हो रहे थे। पूरी की पूरी कांवड़ यात्रा भी बिना ईओ की नियुक्ति के ही सम्पन्न हुई, जिसके बाद नगर पंचायत चरथावल में विकास कार्य अधूरे ही पड़े हुए थे। ईओ के न होने के कारण नगर पंचायत द्वारा अधिकारियों को बार-बार अवगत कराया जा रहा था, जिसके बाद खतौली नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी को नगर पंचायत चरथावल का अतिरिक्त चार्ज दिया है, जिससे नगर पंचायत चरथावल के अधूरे पड़े कार्य पूरे हो सके और नगर पंचायत चरथावल में विकास को पंख लग सकें।



# इंजीनियर क्लब मुजफ्फरनगर ने शीतल जल सेवा को अगले वर्ष तक दिया विराम

**मुजफ्फरनगर, 25 जुलाई (बुस.)।** इंजीनियर क्लब मुजफ्फरनगर द्वारा महावीर चौक मुजफ्फरनगर पर शीतल जल सेवा स्थल का शुभारंभ किया गया था। सभी इंजीनियर साथियों, परिवार के सदस्यों एवं क्लब के शुभचिंतको के द्वारा दिए गए अतुलनीय योगदान के फल स्वरुप इस प्याऊ का लगातार संचालन संभव हो पाया। इस शीतल जल सेवा का संचालन लगातार 22 वर्षों से इसी स्थान पर चल रहा है। हजारों यात्रियों को प्रतिदिन शीतल जल सेवा की सुविधा देकर हम सभी ने पुण्य लाभ प्राप्त किया। मौसम में बदलाव होने के कारण इस जलसेवा की उपयोगिता इस मौसम में कम हो गई है। अतः आज इस जल सेवा को अगले वर्ष तक के लिए विराम दे दिया गया है। क्लब द्वारा समाज सेवा के अनेकों कार्य लगातार चलते रहते हैं। अभी शीघ्र ही वृक्षारोपण का कार्य भी किया जाना है। उपयुक्त जगह उपलब्ध होने पर वृक्षारोपण भी किया जाएगा तथा विगत वर्ष रोपे गए वृक्षों की देखभाल की रूपरेखा भी तय की जाएगी। इस शीतल जल सेवा विराम कार्यक्रम की अध्यक्षता क्लब के अध्यक्ष इंजीनियर बी शर्मा द्वारा की गई एवं संचालन सचिव इंजीनियर उमेश चंद्र वर्मा द्वारा किया गया। इस अवसर पर इंजीनियर बी.बी. गुप्ता, एस.के. गुप्ता, कौशल किशोर शर्मा, उमेश चंद कुलश्रेष्ठ, एन.के. शर्मा, एम.डी. शर्मा, योगेंद्र कुमार, राजनारायण यादव, परमानंद शर्मा, सुनील कुमार गुप्ता, इंजीनियर राजीव अग्रवाल रईस, इंजीनियर डीपी जैन, संजय मित्तल आदि साथी उपस्थित रहे।







# दि एसडी डिग्री कॉलेज, निराना में बीए, बीएससी, बीकॉम के शिक्षकों के लिए आयोजित तीन दिवसीय फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम का समापन

**मुजफ्फरनगर, 25 जुलाई (बुस.)।** जानसठ रोड स्थित एसडी डिग्री कॉलेज में बीए, बीएससी एवं बीकॉम संकाय के शिक्षकों के लिए तीन दिवसीय फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम का समापन हुआ। इस कार्यक्रम का उद्देश्य शिक्षकों की शैक्षिक गुणवत्ता को सुदृढ़ करना और उन्हें आधुनिक शिक्षण तकनीकों से जोड़ना रहा। कार्यक्रम के समापन सत्र में विषय विभिन्न संकाय विशेषज्ञों ने कहा कि आज के समय में पारंपरिक पढ़ाई के साथ-साथ विद्यार्थियों में तार्किक एवं व्यावहारिक सोच विकसित करना भी आवश्यक है। बीए, बीएससी और बीकॉम जैसे पाठ्यक्रमों में शिक्षकों को विषय को रोचक बनाने के लिए प्रोजेक्ट बेस्ड लर्निंग, ग्रुप डिस्कशन, केस स्टडी और स्मार्ट क्लास जैसी तकनीकों का अधिकाधिक उपयोग करना चाहिए। शिक्षकों को नई शिक्षण विधियों जैसे इंटरएक्टिव टीचिंग, ऑनलाइन लर्निंग प्लेटफॉर्म्स का समुचित प्रयोग और शोध परियोजनाओं में विद्यार्थियों की भागीदारी पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि बीए में सामाजिक मुद्दों पर चर्चा, बीएससी में प्रायोगिक कार्य और फील्ड वर्क तथा बीकॉम में उद्योग से जुड़े केस स्टडी और सिमुलेशन विद्यार्थियों को अधिक सक्षम बनाते हैं। संस्थान के सचिव अनुभव कुमार ने अपने प्रेरणादायक संबोधन में कहा कि शिक्षक ही किसी भी संस्थान की आत्मा होते हैं। उन्होंने कहा कि एक शिक्षक केवल ज्ञान ही नहीं देता, बल्कि विद्यार्थियों में नैतिक मूल्यों और समाज सेवा की भावना भी जागृत करता है। उन्होंने उपस्थित शिक्षकों से आग्रह किया कि वे पढ़ाई को केवल पुस्तकों तक सीमित न रखें, बल्कि विद्यार्थियों को व्यवहारिक ज्ञान, रोजगारपरक कौशल और समाज के प्रति जिम्मेदार बनाना भी सिखाएँ। सचिव महोदय ने यह भी कहा कि कॉलेज प्रबंधन सदैव शिक्षकों के विकास के लिए तत्पर रहेगा और भविष्य में ऐसे कई प्रशिक्षण सत्र आयोजित किए जाएंगे। निदेशक डॉ. सिद्धार्थ शर्मा ने अपने वक्तव्य में कहा कि वर्तमान समय में शिक्षा के क्षेत्र में तकनीकी बदलाव बहुत तेजी से हो रहे हैं। ऐसे में शिक्षकों को भी चाहिए कि वे निरंतर नवीनतम तकनीकों और शिक्षण विधियों को आत्मसात करें। उन्होंने शिक्षकों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि एक सक्षम शिक्षक ही समाज को दिशा देने में सक्षम होता है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि इस एफडीपी से शिक्षकों को नई ऊर्जा और नई दिशा मिलेगी, जिसका लाभ विद्यार्थियों को प्रत्यक्ष रूप से प्राप्त होगा। निदेशक महोदय ने कहा कि कॉलेज प्रबंधन भविष्य में भी ऐसे अनेक नवाचारी कार्यक्रम आयोजित करता रहेगा। कार्यक्रम के समापन सत्र में सभी प्रतिभागी शिक्षकों को सहभागिता प्रमाण-पत्र वितरित किए गए। शिक्षकों ने प्रशिक्षण से प्राप्त अनुभवों को साझा किया और बताया कि वे इन नई तकनीकों को अपने शिक्षण में अवश्य लागू करेंगे।

# बीएसएनएल पेंशनर्स ने दिया नई मंडी दूरभाष कार्यालय पर धरना

## - पेंशनर्स से जुड़ी मांगों को केन्द्र सरकार से पूर्ण कराने की मांग



**मुजफ्फरनगर, 25 जुलाई (बु.)।** केंद्र सरकार की लंबे समय से कर्मचारियों के प्रति दमनकारी नीतियों के विरोध में ऑल इंडिया बीएसएनएल डॉट पेंशनर्स एसोसिएशन जिला इकाई ने नई मंडी पटेलनगर कंपाउंड स्थित दूरभाष केंद्र प्रांगण में नारेबाजी करते हुए धरना-प्रदर्शन किया। इसक साथ ही अधिकारियों को सौंपे ज्ञापन में कर्मियों की लंबित समस्याओं का जल्द निराकरण कराने के साथ पुरानी पेंशन की बहाली कराने की मांग की। ऑल इंडिया बीएसएनएल डॉट पेंशनर्स एसोसिएशन जिला इकाई द्वारा इस दौरान मानव श्रृंखला बनाकर विरोध दर्ज कराते हुए प्रदर्शन किया। संगठन सचिव आरयू सिंह के नेतृत्व में नई मंडी में प्रदर्शनकारियों ने केंद्र सरकार के पेंशन अधिनियम को समाप्त करने की मांग को लेकर प्रदर्शन किया। इसके साथ पेंशनर्स ने कर्मचारियों से जुड़ी अन्य लंबित मांगों को समय रहते निदान कराए जाने की मांग की। इस दौरान एनपी निगम, जीडी शर्मा, कांति प्रसाद, जनार्दन शर्मा, ओमकार शर्मा, जय प्रकाश गुप्ता, जय किशन शर्मा, रामबली, सोहन पाल, राम सिंह, रमाकांत त्रिपाठी, राधेश्याम सैनी, अर्जुन राणा, घनश्याम सैनी, एसपी सिंह, ऋषिपाल, राम दयाल, बोधराज आदि 50 से अधिक पेंशनर्स ने भाग लिया।



# जलभराव की समस्या से निजात हेतु अधिकारियों ने मौके का निरीक्षण करते हुए किया मंथन

**चरथावल, 25 जुलाई (बु.)।** क्षेत्र के ग्राम दधेडू कला में तालाब पर अतिक्रमण के चलते मुख्य मार्ग पर हो रहे जलभराव की समस्या से निजात हेतु अधिकारियों के द्वारा गांव में भ्रमण किया गया एवं जलभराव की समस्या से निजात हेतु रूपरेखा तैयार की गई। वहीं ग्राम प्रधान एवं सचिव के द्वारा जल भराव की समस्या से निजात हेतु गांव में टुल्लू पंप की मदद से पानी निकलवाया जा रहा है। चरथावल विकासखण्ड के ग्राम दधेडूकलां में मुख्य रास्ते पर थोड़ी सी बारिश होते ही जलभराव हो जाता है, जिस कारण ग्रामीणों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है, जिस कारण ग्राम प्रधान के द्वारा गांव में अस्थाई समाधान कर दिया जाता है तथा टुल्लू पंप से पानी निकलवा दिया जाता है। बताया जाता है कि ग्रामीणों ने तालाब के चारों ओर अपने मकान बना लिए है, जिस कारण पानी की निकासी नहीं हो पाती। शुक्रवार को जलभराव की समस्या से निजात हेतु नायब तहसीलदार प्रीति देवी, खण्ड विकास अधिकारी प्रवीण कुमार, ग्राम विकास अधिकारी आलोक कुमार ने ग्राम प्रधान पति शहजाद व ग्रामवासियों के साथ गांव में भ्रमण किया एवं जलभराव की समस्या से निजात हेतु रूपरेखा तैयार की गई। वहीं ग्राम प्रधान शहजाद एवं सचिव आलोक कुमार के द्वारा जल भराव की समस्या से निजात हेतु टुल्लू पंप की मदद से पानी निकलवाया जा रहा है।

# प्रेस क्लब अध्यक्ष के छोटे भाई अधिवक्ता स्व. मोहित शर्मा की छठी पुण्यतिथि पर श्रद्धासुमन अर्पित किए



**मीरापुर, 25 जुलाई (बु.)।** मीरापुर प्रेस क्लब अध्यक्ष पं. राहुल शर्मा के छोटे भाई अधिवक्ता स्व. मोहित शर्मा की छठीं पुण्यतिथि पर कस्बे के गणमान्य नागरिकों, पत्रकारों ने श्रद्धासुमन अर्पित कर नम आँखों से अधिवक्ता स्व. मोहित शर्मा को याद कर श्रद्धांजलि अर्पित की। मीरापुर प्रेस क्लब के अध्यक्ष वरिष्ठ पत्रकार पं. राहुल शर्मा के छोटे भाई अधिवक्ता मोहित शर्मा ने वर्ष 2019 में अपनी पत्नी व ससुराल पक्ष के उत्पीड़न से तंग आकर गंगा बैराज से कूदकर आत्महत्या कर ली थी। शुक्रवार को स्व. मोहित शर्मा की छठी पुण्यतिथि थी इस अवसर पर सर्वप्रथम स्व. मोहित शर्मा की स्मृति में प्रत्येक वर्ष की भांति प्रेस क्लब अध्यक्ष पं. राहुल शर्मा के आवास पर हवन किया गया। इसके बाद कस्बे के गणमान्य नागरिकों, पत्रकारों व अधिवक्ताओं ने स्व. मोहित शर्मा की याद में दो मिनट का मौन रखकर उन्हें याद करते हुए उनके चित्र के सम्मुख श्रद्धासुमन अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान अधिवक्ता सिद्धार्थ राजवंशी ने कहा कि मोहित शर्मा बहुत ही सरल व्यवहार के तथा प्रतिभाशाली व्यक्ति थे, वो हमेशा हमारे दिल मे रहेंगे। हम उन्हें कभी नहीं भुला सकते। डॉ. आलोक शर्मा ने स्व. मोहित शर्मा को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उन्हें नमन किया। समाजसेवी अभिषेक गर्ग ने कहा कि छोटे भाई स्व. मोहित शर्मा के अचानक हम सबको छोड़कर जाने का दर्द छह वर्ष बाद भी हमारे दिल है हम कभी उन्हें नहीं भुला सकते। वरिष्ठ पत्रकार सोनू धीमान ने कहा कि स्व. मोहित शर्मा बेहद प्रतिभाशाली व्यक्ति थे, उन्हें भुलाना हमारे लिए असम्भव है। समाजसेवी पं. अरुण शर्मा ने कहा कि स्व. मोहित शर्मा को हम सबके बीच से गये छह वर्ष हो चुके हैं, किंतु उनके जाने का दर्द हम सभी आज भी महसूस करते हैं। समाजसेवी बिल्लू शर्मा ने श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए कहा कि छोटे भाई मोहित शर्मा के 06 वर्ष पूर्व अचानक हमारे बीच से जाने की पीड़ा हमेशा हमारे दिल में रहेगी। इस दौरान श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों में पूर्व सभासद नरेश कौशिक, डॉ. आलोक शर्मा, आकाश रस्तौगी, अबूबकर, आकिल मलिक, सोनू धीमान, शाहनवाज (सोनू), ब्रजपाल चौधरी, शिक्षक पवन रस्तौगी, अधिवक्ता प्रिंस सैनी, प्रभात शर्मा, सुनील दत्त शर्मा, सुशील शर्मा, सुधीर शर्मा, अर्जुन मैत्रेय, आर्यन शर्मा आदि शामिल रहे है।

# निर्धना के ग्राम प्रधान को मिली धमकी, गाली-गलौच करते हुए मारपीट का प्रयास



**चरथावल, 25 जुलाई (बु.)।** थानाक्षेत्र के ग्राम निर्धना में ग्रामीणों द्वारा ग्राम प्रधान से खराब रास्ता बनवाने की मांग। ग्रामीणों की मांग पर रास्ते निर्माण को लेकर ग्राम प्रधान सर्वे के लिए गली में गया था। आरोप है कि चुनावी रंजिश के चलते हुए गांव के दो दबंग युवकों ने गाली-गलौच करते हुए प्रधान को धमकी दी तथा प्रधान को जूता मारने का प्रयास किया। प्रधान द्वारा आरोपियों के विरुद्ध तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की गयी है। चरथावल थाना-क्षेत्र के ग्राम निर्धना के ग्राम प्रधान आलम द्वारा दी गयी तहरीर में बताया गया कि ग्रामीणों ने गांव के अपने रास्ते को बनवाने की मांग की थी। वह आज सुबह रास्ता निर्माण कराने के लिए सर्वे के लिए गया था। आरोप है कि जब वह रास्ते का सर्वे कर रहा था, तभी गांव के दो दबंग युवकों सचिन व महाबीर ने गाली-गलौच करते हुए पैर से जूता निकाल कर प्रधान को मारने का प्रयास किया। ग्राम प्रधान ने दोनों आरोपियों के विरुद्ध तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस तहरीर के आधार पर जांच पड़ताल कर रही है। वहीं दरेशना पत्नी वेदपाल ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसने ग्राम प्रधान को शुक्रवार को रास्ता बनवाने के लिए गली में बुलवाया था। प्रधान को देखकर सचिन, महाबीर व इनके अन्य परिवार के लोग गाली-गलौच करते हुए प्रधान के साथ मारपीट पर उतारू हो गये। आरोप है कि मेरे विरोध करने पर प्रधान के जाने के बाद सचिन ने मेरे घर आकर गाली-गलौच करते हुए अश्लील हरकत करते हुए छेड़छाड़ की। थाना प्रभारी जसवीर सिंह का कहना है कि प्रधान द्वारा तहरीर दी गयी है। जांचकर आरोपियों के विरुद्ध कार्रवाई की जायेगी।

## राज्यसभा सांसद के रूप में कमल हसन ने ली शपथ

**नई दिल्ली, 25 जुलाई (एजेंसी)।** सिनेमा जगत के दिग्गज अभिनेता और मक्कल निधि मय्यम पार्टी के प्रमुख कमल हसन ने शुक्रवार को राज्यसभा सांसद के तौर पर शपथ ली। उन्होंने संसद भवन में तमिल भाषा में शपथ ली, जिसके बाद वहां मौजूद सांसदों ने मेज थपथपाकर उनका स्वागत किया। यह कमल हसन का संसद में पहला आधिकारिक पद है और उनके राजनीतिक जीवन का एक बड़ा पड़ाव माना जा रहा है। कमल हसन की पार्टी एमएनएम ने मार्च 2024 में डीएमके के नेतृत्व वाले सेकुलर प्रोग्रेसिव अलायंस के साथ गठबंधन किया था। इस गठबंधन ने 2024 के लोकसभा चुनावों में तमिलनाडु की सभी 39 सीटें जीती थी। इसी गठबंधन के तहत कमल हसन को राज्यसभा के लिए नामित किया गया है। यह कदम 2026 के विधानसभा चुनावों से पहले एक मजबूत राजनीतिक रणनीति के तौर पर देखा जा रहा है। उनके साथ डीएमके के तीन और सांसद रजति, एस.आर. शिवलिंगम और पी. विल्सन ने भी तमिल भाषा में ही शपथ ली। बता दें, कमल हसन ने 2018 में अपनी पार्टी मक्कल निधि मय्यम की शुरूआत की थी। 2019 के लोकसभा चुनाव में पार्टी को करीब 4% वोट मिले थे, जबकि 2021 के विधानसभा चुनावों में भी एमएनएम ने कई जगहों पर अच्छा प्रदर्शन किया।

## अश्लील कंटेंट पर केंद्र सरकार का चाबुक, 24 ओटीटी प्लेटफॉर्म्स किए गए बैन

**नई दिल्ली, 25 जुलाई (एजेंसी)।** आप फिल्मों के शौकीन है या नहीं, अगर हां तो ये खबर आपके लिए ही है, क्योंकि अब फिल्मों को देखने के लिए थिएटर में कम जाते है और थर्ड पार्टी ऐप का भी इस्तेमाल कम करते हैं, क्योंकि अब हम लोगों के पास है ओटीटी प्लेटफॉर्म्स जहां हर तरीके का मनोरंजन एक ही जगह पर आप लोगों को देखने को मिल जाता है, अब लोग ओटीटी को ही अपना सहारा और घर बना चुके हैं और यहीं उन लोगों के फिल्मों के देखने को सबसे बड़ा रीजन है। अब इनमें से ही कई ओटीटी प्लेफॉर्म्स पर हंटर चल गया हैं और बहुत बड़ी गाज गिर गई है। देश में बढ़ती डिजिटल पहुंच के बीच अश्लील और आपत्तिजनक कंटेंट को लेकर केंद्र सरकार ने अब कड़ा रुख अख्तियार कर लिया है। केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने अश्लीलता फैलाने वाले 24 ओटीटी प्लेटफॉर्म्स को तत्काल प्रभाव से बैन कर दिया है। यूएलएलयू ऐप और एएलटी बालाजी जैसे बड़े नाम भी इस लिस्ट में शामिल हैं, जिनके ऊपर लंबे समय से अश्लीलता परोसने के आरोप लगते रहे हैं। इसके अलावा उेसी फ्लिक्स और बिग शॉट जैसे प्लेटफॉर्म भी इस कार्रवाई की चपेट में आए हैं।

## यूपी बोर्ड ने जारी किया परीक्षाओं का पूरा शेड्यूल, 21 जनवरी से होंगे प्रैक्टिकल

**लखनऊ, 25 जुलाई (एजेंसी)।** यूपी माध्यमिक शिक्षा परिषद ने शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए एकेडमिक कैलेंडर जारी किया है। इसमें प्रैक्टिकल से लेकर प्री बोर्ड और मुख्य परीक्षाओं तक का पूरा शेड्यूल दिया गया है। इसे परिषद की आधिकारिक वेबसाइट upmsp.edu.in से डाउनलोड कर सकते हैं। इसके अनुसार 1 अप्रैल 2025 से शुरू हो रहे शैक्षणिक सत्र में सभी कक्षाओं को जनवरी 2026 के पहले हफ्ते तक अपना कोर्स पूरा करना होगा। परिषद ने 10वीं और 12वीं कक्षा के प्रैक्टिकल की तारीख भी घोषित कर दी है, जो 21 जनवरी 2026 से 5 फरवरी 2026 तक चलेंगे। यूपी बोर्ड ने साल 2026 बोर्ड परीक्षाओं के लिए नियमित छात्रों का रजिस्ट्रेशन शुरू कर दिया है। 10वीं और 12वीं के स्टूडेंट्स को 5 अगस्त तक अपना पंजीकरण पूरा करना होगा। परिषद की ओर से जारी कैलेंडर के अनुसार हर स्कूल की वेबसाइट और फेसबुक, एक्स, यूट्यूब आदि पर सोशल मीडिया पेज बनेगा। इसके साथ ही प्रत्येक छात्र की ईमेल आईडी भी बनाई जाएगी।

## दो पक्षों में चले धारदार हथियार व लाठी डंडे, महिला समेत छह घायल

**मुजफ्फरनगर, 25 जुलाई (बु.)।** छपार क्षेत्र के गांव खामपुर में प्लाट पर निर्माण का विरोध करने पर आधा दर्जन आरोपियों ने लाठी डंडे व धारधार हथियारों से हमलाकर एक महिला सहित छः लोगों को लहूलुहान कर दिया। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को जिला अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती कराया है। शुक्रवार को क्षेत्र के छपार क्षेत्र के गांव खामपुर में रामपाल उर्फ पाल्लू पुत्र रामचंद्र व रवि पुत्र हरपाल के साथ एक खाली प्लाट का मामला कोर्ट में विचाराधीन है। गुरूवार की रात रामपाल पक्ष ने प्लॉट पर निर्माण कार्य शुरू करा दिया। शुक्रवार सुबह 5 बजे के लगभग रवि ने प्लॉट पर चल रहे निर्माण कार्य का विरोध किया, जिसको लेकर दोनों पक्षों में तनातनी के बाद मारपीट हो गई। लाठी डंडे व धारधार हथियारों से हमले में रवि उसके पिता हरफूल, माता सुशीला, दो भाई सचिन व संदीप तथा चाचा घायल हो गए। जबकि पक्ष की ओर से रामपाल भी घायल बताया जा रहा है। पुलिस ने सभी घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल भिजवाया। बताया जाता है कि संदीप की हालत गंभीर है। दोनों पक्षों ने एक-दूसरे के विरुद्ध तहरीर दी है।

## बेलगाम एसयूवी ने सर्विस रोड पर जा रहे राहगीरों और बाइकों में मारी टक्कर, 4 की मौत

**गांधीनगर, 25 जुलाई (एजेंसी)।** गांधीनगर के गांधीनगर में शुक्रवार की सुबह एक दिल दहला देने वाली घटना हुआ। एसयूवी के चालक ने सर्विस रोड पर चल रहे 5 से ज्यादा लोगों को



रौंद दिया। हादसे में एक महिला समेत चार लोगों की मौत हो गई, जबकि कई अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गयी। गांधीनगर के रांदेसन इलाके में यह हादसा हुआ। बताया जाता है कि रांदेसन में भाईजीपुरा से सिटी प्लस जाने वाली सर्विस रोड पर कुछ लोग पैदल जा रहे थे। सड़क पार बाइक और अन्य गाड़ियां भी चल रही थी। इस बीच टाटा सफारी एसयूवी तेज रफ्तार से आयी। वाहन ने पैदल यात्री और कुछ बाइक में जोरदार टक्कर मारी।

**कारगिल विजय दिवस पर विशेष**

# शहीदों के परिजनों से किये वादे अभी भी अधूरे, न बन पाए द्वार बसों का संचालन भी ठप्प

**कमल वालिया भोपा**

**भोपा, 25 जुलाई (बु.)।** भोपा क्षेत्र की भूमि शहीदों की वीरता की कहानियों से भरी हुई है, चाहे बेलड़ा निवासी अमरेश पाल द्वारा कारगिल युद्ध मे दुश्मनों के छक्के छुड़ाते हुए शहीद होने की बात हो या सुकमा में नक्सली हमले में नक्सलियों से लोहा लेते वीर मनोज कुमार की वीरता की गाथा, या अल्पायु में परिवार को बिलखते छोड़ शहीद हुए लोकेश सहरावत। ऐसे बहुत से उदाहरणों से क्षेत्र की भूमि भरी हुई है। क्षेत्र के वीर देश की रक्षा सुरक्षा के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर कर देते हैं। बदले में राजनेताओं द्वारा उन्हें वादों का झुनझुना पकड़ा दिया जाता है। वादे भी ऐसे जो सालों साल तक पूरे नहीं हो पाते। क्या हमारे क्षेत्र के शहीदों के साथ इसी तरह का बर्ताव होता रहेगा।

भोपा क्षेत्र के गांव बेलड़ा निवासी अमरेश पाल 28 जून 1999 को कारगिल लड़ाई में वीरगति को प्राप्त हुए थे। अमरेश पाल ने जनता इंटर कॉलेज भोपा से इंटर की परीक्षा पास की थी। वह स्कूल के होनहार छात्रों में थे। इंटर के बाद उनका चयन आर्मी में हो गया था। वे म्हार रेजीमेंट में थे। 1999 में कारगिल की पहाड़ियों पर दुश्मनों के छक्के



शहीद मनोज कुमार की प्रतिमा





शहीद अमरेश पाल के नाम पर विद्यालय।



शहीद लोकेश सहरावत का स्मारक।

छुड़ाते हुए वह 28 जून 1999 को शहीद हो गए थे। अमरेश पाल के शहीद होने के बाद सरकार ने उनकी पत्नी उमाकांता के नाम गैस एजेंसी का आवंटन किया था। कारगिल लड़ाई के दौरान अमरेश पाल को छुट्टी से वापस बुला लिया गया था। वह बीच रास्ते में ही थे, तब उनकी बेटी ज्योति का जन्म हुआ था। वह अपनी बेटी से भी नहीं मिल पाए थे। गांव में शहीद अमरेश पाल के नाम से जूनियर हाईस्कूल बना हुआ है, जिसमें सैकड़ों छात्र शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। बेलड़ा के ग्रामीणों का कहना है कि अमरेश पाल के शहीद होने के बाद सरकार ने बेलड़ा नहर पुल पर शहीद अमरेश पाल द्वार बनाने का वादा किया गया था, लेकिन यह वादा सिर्फ कागजों तक ही सीमित होकर रह गया यह वादा आज तक पूरा नहीं हो पाया है। शहीद की पुण्यतिथि हो या कारगिल शहीद दिवस, प्रशासन की ओर से कोई भी व्यक्ति शहीद की समाधि तक नहीं आता है। इसी कड़ी में 24 अप्रैल, 2017 को सुकमा में सीआरपीएफ जवानों पर नक्सलियों ने हमला किया था। इस हमले में 25 जवान शहीद हो गए थे, जिनमे मुजफ्फरनगर के गांव निरगाजनी निवासी के मनोज कुमार भी शामिल थे। थाना भोपा क्षेत्र के गांव निरगाजनी निवासी स्वः करमचंद के पांच पुत्र और तीन बेटियों में तीसरे नंबर का 25 वर्षीय मनोज साल 2011 में सीआरपीएफ में भर्ती हुआ था। नक्सली हमले के दौरान मनोज की तैनाती छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले में थी। मनोज कुमार के शहीद होने के कुछ साल पहले ही शहीद के पिता करमचंद की गांव में दबंगों द्वारा हत्या कर दी गई थी। यहां तक कि बदमाशों ने उनके शव को साइकिल पर रखकर पूरे गांव में घुमाया था। शहीद के पार्थिव शरीर के अंतिम संस्कार के समय जनप्रतिनिधियों ने धीराहेड़ी पुल के पास शहीद के नाम से द्वार व मार्ग का नाम शहीद मनोज कुमार के नाम से करने का वादा किया था, परंतु मनोज कुमार मार्ग अपनी बदहाली पर आंसू बहा रहा है। भोपा गंगनहर पुल से गांव बेहडा थ्रू, महमूदपुर माजरा, धीराहेड़ी, निरगाजनी व बसेडा से पुरकाजी तक के कई गांवों को जोड़ने वाला शहीद मनोज कुमार मार्ग पर सालों से बसों की आवाजाही बंद हो चुकी है, जिसके चलते शहीद मनोज कुमार मार्ग पर बसे गांव, बेहड़ा थ्रू, महमूदपुर माजरा व निरगाजनी के ग्रामीणों को परेशानी उठानी पड़ रही है। दूसरी ओर 23 दिसंबर 2022 को सिक्किम में हुए दर्दनाक सड़क हादसे में शहीद हुए युसूफपुर गाँव के लोकेश सहरावत के गांव युसूफपुर में कोई विशेष विकास कार्य शासन प्रशासन द्वारा नही कराया गया। गांव के मार्गो की हालत खस्ता है व गांव में सौन्दर्यकरण कार्य भी नहीं हो पाया है। रालोद के चन्दन चौहान इसी क्षेत्र से विधायक रहे हैं और अब सांसद बने हैं, लेकिन ग्रामीणों की मांग के बाद भी शहीद के नाम पर किसी विद्यालय का नाम या द्वार का निर्माण नहीं हो पाया है।

# गजब: को-ऑपरेटिव विभाग के दस्तावेजों में किसान को कर दिया गया मृत घोषित

### उपजिलाधिकारी से मिले किसान, राहत का मिला आश्वासन

**मुजफ्फरनगर, 25 जुलाई (बु.)।** जिम्मेदारों की उपेक्षा के चलते जनपद मुजफ्फरनगर की तहसील सदर में एक अजीब सा मामला प्रकाश में आया है, जिसमें सरकारी कार्यालय के दस्तावेजों में किसान को मृत बता दिया गया जबकि किसान स्वस्थ और जिंदा है। सदर तहसील के ग्राम सिसौना के इस मामले में विभागीय गलती से जहां उनकी जमीन व सरकारी योजनाओं से संबंधित कार्य रूक गए हैं, वहीं परिवार के समक्ष दिक्कतों की बाढ़ सी आ गई है। इस लापरवाही से न सिर्फ किसान की पहचान पर संकट आ गया, अपितु उनकी सरकारी योजनाओं और संपत्ति से जुड़ी कई सुविधाएं ठप हो गईं। इस मामले में भाकियू ने प्रशासन से निष्पक्ष जांच करते हुए दोषी अधिकारी व अन्य के खिलाफ कार्यवाही की मांग की।

भाकियू तोमर के युवा प्रदेश अध्यक्ष पश्चिम चौ. अंकित गुर्जर के नेतृत्व में तहसील सदर पहुंच कर एसडीएम सदर निकिता शर्मा को शिकायती पत्र सौंपा। भाकियू नेता ने बताया कि मुजफ्फरनगर जनपद की सदर तहसील के ग्राम सिसौना निवासी सोबरन सिंह पुत्र बिशंबर सिंह को को-ऑपरेटिव विभाग ने गलती से कागजों में मृत घोषित कर दिया, जबकि वे आज भी पूर्ण रूप से जीवित हैं और अपने गांव में निवास कर रहे हैं। किसान संगठन ने एसडीएम सदर को सौंपे शिकायती पत्र में मांग की कि इस गंभीर प्रशासनिक चूक की जांच करते हुए दोषियों पर सख्त कार्यवाही की जाए और सोबरन सिंह का नाम सरकारी रिकॉर्ड में जीवित दर्शाया जाए, ताकि उन्हें अपने सभी वैधानिक अधिकारों व सरकारी योजनाओं का लाभ मिल सके। किसान को मृत घोषित किए जाने के मामले में सदर एसडीएम निकिता शर्मा ने गंभीरता को समझते हुए निष्पक्ष जांच का आश्वासन दिया है और शीघ्र उचित कार्यवाही का भरोसा दिलाया है। भाकियू नेता ने कहा कि यदि इस मामले में प्रशासन की ओर से त्वरित कार्रवाई नहीं हुई, तो भारतीय किसान यूनियन किसान को उसका अधिकार दिलाने के लिए आंदोलन से भी पीछे नहीं हटेंगी।

## अपहरण व दुष्कर्म के आरोपी को बीस साल की सजा व 15 हजार का अर्थदण्ड

**मुजफ्फरनगर, 25 जुलाई (बु.)।** डीजीसी राजीव शर्मा व एडीजीसी विक्रांत राठी ने बताया कि छपार थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति ने थाने पर तहरीर देते हुए बताया कि 8 नवम्बर 2020 को उसकी नाबालिग बेटी घर पर सो रही थी। सुबह 5 बजे अहतेशाम निवासी खुड्डा, थाना छपार उसके घर पर पहुंचा और बेटी का बहला- फुसलाकर अपहरण कर जंगल में ले गया। पुलिस ने मामले में रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी की तलाश की। पुलिस ने आरोपी अहतेशाम को गिरफ्तार कर किशोरी को भी बरामद कर लिया। किशोरी ने पुलिस को बताया कि आरोपी अहतेशाम ने उसके साथ दुष्कर्म किया था। उक्त मामले की सुनवाई विशेष पोक्सो कोर्ट की न्यायाधीश अलका भारती की कोर्ट में हुई। कोर्ट ने मामले में सुनवाई करते हुए आरोपी अहतेशाम को 20 साल का कारावास व 15 हजार रुपए के अर्थदंड से दण्डित किया है।

## रंगदारी न देने पर की फोटो वायरल करने की धमकी

**बुढ़ाना, 25 जुलाई (बु.)।** एक युवक ने रंगदारी में 50 हजार रुपये ना देने पर उसकी गर्लफ्रेंड के फोटो वायरल करने की धमकी दी है। पुलिस ने शिकायत का संज्ञान लेते हुए युवक को पकड़कर पूछताछ शुरू कर दी है। मिली जानकारी के अनुसार सावेज पुत्र जाबिर निवासी लुहसाना रोड सफीपुरपट्टी ने बुढ़ाना पुलिस को एक तहरीर देते हुए बताया कि उसके दोस्त रिहान ने फोन करने के बहाने उसका मोबाइल फोन लिया और जी मेल से अपने फोन में लोगिन कर ली। उसकी जी मेल पर प्राईवेसी फोटो पड़े थे। उसने अपने फोन में सेव किये और उसके बाद उसके व उसकी फ्रेण्ड के फोटो को लेकर वह उसे और उसकी गर्लफ्रेंड को परेशान कर रहा है और उसको कहा रहा है कि या तो मुझे 50 हजार रुपए दे दो नहीं तो तुम्हारे फोटो वायरल कर दूंगा। अब उसकी फ्रेण्ड ने बोला कि अगर मेरे फोटो वायरल हो गये, तो मैं फांसी लगा लूंगी। उसने अपने दोस्त रिहान को कहा कि आप मेरे व मेरी फ्रेण्ड के फोटो वायरल मत करना। इतना कहने पर ही रिहान ने फिर से उससे पैसों की मांग की। वह इस सम्बन्ध में पहले भी एक प्रार्थना-पत्र पुलिस चौकी में दे चुका है। पीड़ित ने रंगदारी मांगने वाले के विरुद्ध कार्यवाही की मांग की है।

## पुरकाजी बाईपास पर रेहड़े से टकराकर बाइक सवार की मौत

**मुजफ्फरनगर, 25 जुलाई (बु.)।** पुरकाजी बाईपास पर बाइक और रेहड़े की भिड़ंत में बाइक सवार युवक की मौके पर ही मौत हो गई। आपको बता दें कि थाना छपार के बरला निवासी 24 वर्षीय युवक आदित्य त्यागी पुत्र सुनील त्यागी भगवानपुर हरिद्वार उत्तराखंड में नौकरी करता था। शुक्रवार को 4:00 बजे वह अपनी कंपनी से बाइक संख्या यूपी 12 बी जे-3417 पर सवार होकर वापस अपने घर बरला आ रहा था, तभी उसकी बाइक एक रहड़े से टकरा गयी, जिससे आदित्य सड़क पर सिर के बल गिर गया और उसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। घटना की सूचना पुलिस को दी गयी तो पुलिस मौके पर पहुंची और मृतक के परिजनों को घटना की सूचना दी। सड़क हादसे में हुई मौत के कारण मृतक के परिवार में कोहराम मच गया। पुलिस ने मृतक आदित्य त्यागी के शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए जिला चिकित्सालय भेज दिया गया। उधर रहड़े को छोड़कर बच्चे भाग गए। थाना प्रभारी जयवीर सिंह ने बताया कि अभी मृतक के परिजनों की ओर से कोई तहरीर नहीं आई है, तहरीर आने पर कार्रवाई की जाएगी।



## अनावश्यक बिजली कटौती पर सीएम योगी ने लगाई अफसरों की क्लास, कार्रवाई की दी चेतावनी

**लखनऊ, 25 जुलाई (एजेंसी)।** सीएम योगी आदित्यनाथ ने बिजली कटौती की शिकायतों पर अफसरों को सख्त निर्देश दिये हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश में न पैसे की कमी है, न बिजली की और न ही संसाधनों की। ऐसे में सुनिश्चित करें की अनावश्यक बिजली कटौती न हो अन्यथा कार्रवाई की जाएगी। मुख्यमंत्री ने शुक्रवार दोपहर ऊर्जा विभाग के अफसरों के साथ बैठक की है। बैठक में उन्होंने अफसरों से कहा कि बिजली अब सिर्फ सेवा नहीं, आम आदमी की जरूरत और भरोसे से जुड़ा विषय है। उन्होंने बिजली आपूर्ति की फील्ड रियलिटी का लेखा-जोखा लिया और सभी डिस्कॉम से जवाबदेही मांगी। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि प्रदेश में जून में रिकॉर्ड 31,486 मेगावाट की मांग सफलतापूर्वक पूरी की गई। जनता को हर मौसम में निर्बाध



बिजली आपूर्ति की जानी चाहिए साथ ही ये भी कहा कि हर उपभोक्ता को समय पर सही बिल मिले और कोई फॉल्स बिलिंग न हो। उन्होंने निर्देश दिया कि लाइन लॉस को कम से कम करने के लिए हर डिस्कॉम अपने स्तर पर ठोस प्रयास करें और ट्रांसफॉर्मर क्षमता बढ़ाने और तकनीकी सुधार करें।

## चोरों ने 5 ट्यूबवेलों के काटे केबिल, घर में की चोरी

**बुढ़ाना, 25 जुलाई (बु.)।** अज्ञात चोरों ने अलग-अलग स्थानों पर हजारों रुपये की संपत्ति चोरी कर ली। एक जंगल में स्थित पांच ट्यूबवैलों और एक बंद मकान में घुसकर चोरी की घटना को अंजाम दिया। मिली जानकारी के अनुसार बुढ़ाना कोतवाली क्षेत्र के गांव बिटावदा निवासीगण रोबिन सहरावत, प्रेम सहरावत पुत्र हरदेव सिंह और अश्वनि सहरावत के अलावा दो अन्य किसानों की ट्यूबवेल बायवाला पुलिस चौकी क्षेत्र के गांव बड़कता के जंगल में स्थित है। अज्ञात चोरों ने इन सभी ट्यूबवेलों पर बाहर लगे हुए कई मीटर विद्युत केबिल काट लिए। घटना बृहस्पतिवार को दिन निकलने से पहले की है। खेत पर गये किसानों को केबिल चोरी होने की घटना का पता लगा, तो उन्होंने इसकी सूचना पुलिस को दी। एक अन्य घटना में अज्ञात चोरों ने रईस कस्सार पुत्र नफीस निवासी मौहल्ला शाहवाड़ा धोबियान के बंद मकान की छत पर चढ़कर घर में रखी नगदी व अन्य सामान चोरी कर लिया घटना का मकान मालिक को बीते दिन पता लगा, जब वे बाहर से आए। पुलिस को मकान मालिक रईस कस्सार ने तहरीर नहीं दी है।

## स्कूल बिल्डिंग गिरने से बड़ा हादसा, 7 बच्चों की मौत, 9 की हालत गंभीर, 5 टीचर सस्पेंड

**जयपुर, 25 जुलाई (एजेंसी)।** राजस्थान के झालावाड़ में सरकारी स्कूल की बिल्डिंग का हिस्सा गिरने से 7 बच्चों की मौत होने का समाचार मिला है, वहीं 28 घायलों में से 9 की हालत गंभीर है। मनोहर थाना ब्लॉक के पिपलोदी सरकारी स्कूल की क्लास में शुक्रवार सुबह बच्चे बैठे थे, तभी कमरे की छत ढह गई और हादसे में 35 बच्चे दब गए थे। आपको बता दें कि मनोहरथाना हॉस्पिटल के अनुसार 5 बच्चों की मौत मौके पर ही हो गई थी, वहीं 2 ने इलाज के दौरान दम तोड़ा। हादसे को लेकर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने दुःख जताया है। मामले में शिक्षा विभाग ने स्कूल की हेड मास्टर समेत 5 टीचर्स को सस्पेंड कर दिया है। वहीं घटना की जिम्मेदारी के सवाल पर शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने कहा- जिम्मेदार तो मैं ही हूं। गांव वालों ने बताया- वहां सुबह से बारिश हो रही थी। प्रार्थना का समय हुआ, तो सभी क्लास के बच्चों को स्कूल के ग्राउंड में इकट्ठा करने की बजाय कमरे में बैठा दिया, ताकि वे भीगे नहीं। इसके कुछ देर बाद छत गिर गई और 35 बच्चे दब गए। गांव वालों ने बताया कि इस स्कूल में कुल 7 क्लासरूम है। हादसे के दौरान स्कूल के क्लासरूम में 35 बच्चे थे। स्कूल में 2 टीचर भी मौजूद थे, लेकिन छत गिरने के वक्त बिल्डिंग से बाहर थे, वे सुरक्षित हैं।



## फाइनेंस कम्पनी के चार युवकों के खिलाफ हुआ मुकदमा दर्ज

**मुजफ्फरनगर, 25 जुलाई (बु.)।** पुलिस ने उच्चाधिकारियों के निर्देश पर फाइनेंस कंपनी में काम करने वाले चार युवकों के खिलाफ धोखाधड़ी व अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। पुरकाजी कस्बा स्थित भारत फाइनेंस कंपनी के इकाई प्रबंधक राहुल कुमार ने मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि भारत फाइनेंस कंपनी महिलाओं को समूह बनाकर ऋण देने का काम करती है और ऋण को किस्तों के रूप में महिलाओं से वसूल करती है। आरोप है कि कलेक्शन में कार्यरत चार कर्मचारियों ने क्षेत्र की 64 महिला सदस्यों से 7 लाख 73 हजार 213 रुपए का कलेक्शन किया पर वह धनराशि कंपनी में जमा नहीं किया। चारों कर्मचारियों ने जान-बूझकर कंपनी के रुपयों को धोखाधड़ी से इकट्ठा कर गबन कर लिए हैं। पुलिस ने शुक्रवार को उच्च अधिकारियों के निर्देश पर नकुल पुत्र सेठपाल मुगल माजरा सहारनपुर, राहुल कुमार पुत्र राजेंद्र निवासी गौशाला रोड शामली, विपिन पुत्र ब्रहम सिंह निवासी बिटावदा मुजफ्फरनगर, विकास पुत्र ओमप्रकाश निवासी होली चौक, खतौली के खिलाफ धोखाधड़ी व अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। थाना प्रभारी जयवीर सिंह ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।

# डीआरडीओ ने उन्नत यूएलपीजीएम-वी3 मिसाइल का किया सफल परीक्षण

**हैदराबाद, 25 जुलाई (वार्ता)** रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) ने आंध्र प्रदेश के कुरनूल में राष्ट्रीय ओपन एरिया रेंज (एनओएआर) से उन्नत मानवरहित हवाई वाहन से प्रक्षेपित सटीक निर्देशित मिसाइल (यूएलपीजीएम)-वी3 का सफलतापूर्वक उड़ान परीक्षण किया है। इससे देश की रक्षा क्षमताओं को महत्वपूर्ण बढ़ावा मिला है। यूएलपीजीएम-वी3 पहले से विकसित यूएलपीजीएम-वी2 मिसाइल का उन्नत संस्करण है। यूएलपीजीएम-वी3 हाई डेफिनेशन डुअल-चैनल सीकर से युक्त है और उच्च परिशुद्धता के साथ लक्ष्यों की एक विस्तृत श्रृंखला पर प्रहार कर सकता है। इसमें दिन और रात दोनों समय की संचालन क्षमताएं शामिल हैं और यह एक दो-तरफा डेटा लिंक द्वारा समर्थित है जो प्रक्षेपण के बाद लक्ष्य या लक्ष्य-बिंदु पर अपडेट प्राप्त करने में सक्षम है। इस मिसाइल को मैदानी एवं उच्च ऊंचाई वाले दोनों क्षेत्रों में तैनात किया जा सकता है जिससे रणनीतिक लचीलापन प्राप्त होता है।

यह मिसाइल तीन प्रकार के मॉड्यूलर वारहेड प्रदान करती है, जिसमें एंटी-आर्मर कॉनफि गरेशन भी शामिल



है, जो रोल्ड होमोजीनियस आर्मर और एक्सप्लोसिव रिएक्टिव आर्मर से सुसज्जित आधुनिक बख्तरबंद वाहनों को निष्क्रिय करने में सक्षम है। इस मिसाइल को बेंगलुरु स्थित भारतीय स्टार्ट-अप न्यूस्पेस रिसर्च टेक्नोलॉजीज द्वारा विकसित एक यूएवी से प्रक्षेपित किया गया। डीआरडीओ कई भारतीय कंपनियों द्वारा विकसित किए जा रहे लंबी दूरी के, उच्च क्षमता वाले यूएवी के साथ यूएलपीजीएम प्रणाली को एकीकृत करने की दिशा में सक्रिय रूप से काम कर रहा है। इस मिसाइल को डीआरडीओ की कई प्रयोगशालाओं द्वारा संयुक्त रूप से विकसित किया गया है। अडानी डिफेंस और भारत डायनेमिक्स लिमिटेड, हैदराबाद ने लगभग 30 एमएसएमई और स्टार्ट-अप के सहयोग के साथ विकास-सह-उत्पादन साझेदार के रूप में कार्य किया। यह सहयोगात्मक प्रयास स्वदेशी स्तर पर महत्वपूर्ण रक्षा प्रौद्योगिकियों को विकसित करने में भारत की बढ़ती क्षमता को दर्शाता है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने डीआरडीओ, उद्योग भागीदारों और सभी योगदानकरत एमएसएमई और स्टार्ट-अप को बधाई देते हुए कहा कि सफल परीक्षण परिष्कृत रक्षा प्रणालियों को अपनाने और उनका उत्पादन करने की भारत क्षमता को दर्शाता है। शुक्रवार को जारी एक रक्षा बयान के अनुसार, रक्षा अनुसंधान एवं विकास विभाग के सचिव और डीआरडीओ के अध्यक्ष डॉ. समीर वी. कामत ने इसमें शामिल टीमों की प्रशंसा की और इस बात पर बल दिया कि राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए ऐसे उन्नत हथियारों का विकास बहुत महत्वपूर्ण है।

## ट्रैक्टर से कुचलकर कांवरिया की मौत

**बदायूं 25 जुलाई (वार्ता)** उत्तर प्रदेश में बदायूं जिले के उझानी क्षेत्र में शुक्रवार को सड़क किनारे आराम कर रहे कांवरियों को एक ट्रैक्टर ने अपनी चपेट में ले लिया। इस हादसे में एक कांवरिये की मृत्यु हो गयी जबकि कुछ अन्य घायल हो गये। घटना से गुस्साये कांवरियों ने जाम लगा दिया और टक्कर मारने वाली ट्राली को आग के हवाले कर दिया। कांवरियों के दो गुटों में संघर्ष के दौरान कुछ लोगों को मामूली चोटे आई हैं। पुलिस व प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंचे और स्थिति को नियंत्रण में किया। उझानी सर्किल के पुलिस क्षेत्राधिकारी डॉ देवेंद्र सिंह ने बताया कि बुटला मोड़ पर आज दोपहर लगभग तीन बजे कांवड़िया अंकित (14) निवासी भगवानपुर थाना भूता जनपद बरेली अपने जत्थे के साथ कछला घाट से कांवड़ लेकर अपने डीजे ट्रेक्टर-ट्राली के साथ रुककर सड़क किनारे खड़ी कर ट्रेक्टर-ट्राली के आगे आराम कर रहे थे,तभी कांवड़ियों के दूसरे जत्थे के ट्रेक्टर चालक लल्ला बाबू ने अंकित व अन्य उसके साथ के अन्य कावरियों के साइड में खड़े ट्रेक्टर-ट्राली से पीछे से आकर टक्कर मार दी। इस कारण पहले कांवड़ियों के जत्थे के ट्रेक्टर के आगे आराम कर रहे अंकित व अन्य के ऊपर स्वयं उसके डीजे से लदी ट्रेक्टर-ट्राली का टायर चढ़ गया जिससे अंकित की मौके पर मृत्यु हो गई। जिस पर अंकित के जत्थे के कांवड़ियों ने दूसरे ट्रैक्टर चालक लल्ला बाबू तथा उसके जत्थे के कांवड़ियों के साथ मारपीट की।

## अज्ञात वाहन की साइड लगने से ई-रिक्शा चालक सहित दो युवक घायल

**जानसठ, 25 जुलाई (बु.)।** थाना क्षेत्र के पानीपत-खटीमा राष्ट्रीय राजमार्ग पर बिजलीघर के सामने जानसठ की ओर से कोल्ड स्टोर पर आलू लेने जा रहे ई-रिक्शा को अज्ञात वाहन ने साइड मार दी। साइड लगने से ई-रिक्शा चालक सहित दो युवक घायल हो गए। घायलों को पुलिस ने उपचार के लिए सीएचसी जानसठ भेजा। गांव कवाल निवासी 26 वर्षीय बिजेन्द्र पुत्र सेवाराम ई-रिक्शा लेकर अपने गांव के ही गौरव पुत्र राजेंद्र के साथ शुक्रवार की सुबह लगभग आठ बजे ई-रिक्शा द्वारा जानसठ की ओर से आलू लेने मीरापुर की ओर जा रहे थे। जानसठ बिजली घर के सामने पीछे से आ रहे अज्ञात वाहन ने इनकी ई-रिक्शा में साइड मार दी। साइड लगने से ई रिक्शा सवार बिजेन्द्र और गौरव गंभीर रूप से घायल हो गये। सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंच कर घायलों को सीएचसी जानसठ भिजवाया, जहां से उन्हे प्राथमिक उपचार देकर जिला अस्पताल रेफर कर दिया है। कोतवाली प्रभारी राजीव शर्मा ने बताया कि अज्ञात वाहन ई-रिक्शा में टक्कर मार कर मौके से फरार हो गया। दुर्घटना की अभी तक कोई तहरीर नहीं आई है।

## जम्मू-कश्मीर के पुंछ में बारूदी सुरंग विस्फोट में सेना का एक जवान शहीद, दो घायल

**पुंछ, 25 जुलाई (एजेंसी)।** जम्मू-कश्मीर के पुंछ में नियंत्रण रेखा (एलओसी) के पास शुक्रवार को बारूदी सुरंग विस्फोट में सेना का एक जवान शहीद हो गया और दो अन्य घायल हो गए। भारतीय सेना की व्हाइट नाइट कोर ने सैनिक के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए कहा, वाइट कोप्स और सभी रैंक 7 जाट रेजिमेंट के अग्निवीर ललित कुमार को श्रद्धांजलि देते हैं, जिन्होंने 25 जुलाई 2025 को कृष्णाघाटी ब्रिगेड के सामान्य क्षेत्र में एक माइन विस्फोट के बाद एरिया डोमिनेशन गश्त के दौरान सर्वोच्च बलिदान दिया था। हम इस दुःख की घड़ी में शोक संतप्त परिवार के साथ खड़े हैं।" ऑपरेशन सिंदूर के दौरान नियंत्रण रेखा पर सीमा पार से भारी गोलाबारी हुई, क्योंकि पाकिस्तान ने भारत के खिलाफ जवाबी सैन्य कार्रवाई शुरू करने की कोशिश की थी। पिछले महीने, राजौरी जिले में नियंत्रण रेखा के पास एक अग्रिम इलाके में संदिग्ध गतिविधि देखने के बाद सेना ने गोलीबारी की थी। सुरक्षा बलों ने पुंछ, सांबा और कठुआ जिलों सहित एक दर्जन से ज्यादा जगहों पर तलाशी अभियान भी चलाया था। अधिकारियों ने बताया कि जवानों ने सुबह के समय राजौरी के कीरी सेक्टर के चिंगस इलाके में घने पेड़ों के नीचे तीन से चार लोगों की संदिग्ध गतिविधि देखी। इसके बाद, जवानों ने दो दर्जन से ज्यादा राउंड फायरिंग की और साथ ही तलाशी अभियान चलाया और ड्रोन भी तैनात किए। हालाँकि, संदिग्ध लोगों का कोई सुराग नहीं मिला। स्थानीय पुलिस, सीआरपीएफ और राष्ट्रीय राइफल्स के विशेष अभियान समूह ने पुंछ के सुरनकोट और मेंढर क्षेत्रों के विभिन्न इलाकों में तलाशी अभियान चलाया।





## राहुल गांधी का पीएम मोदी पर बड़ा हमला, बोले- मोदी की सिर्फ शो-बाजी, उनमें दम नहीं

**नई दिल्ली, 25 जुलाई (एजेंसी)।** दिल्ली के तालकटोरा स्टेडियम में कांग्रेस के ओबीसी सेल ने 'भागीदारी न्याय सम्मेलन' का आयोजन किया। कांग्रेस के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कार्यक्रम का उद्घाटन किया। कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने सम्मेलन में पीएम नरेंद्र मोदी की आलोचना की। राहुल ने अपने भाषण के दौरान पार्टी के सदस्यों से पूछा, 'आपको पता है, राजनीति में सबसे बड़ी प्रॉब्लम क्या है।' कार्यकर्ताओं ने जवाब दिया, 'पीएम मोदी।' इस पर राहुल ने कहा, 'नरेंद्र मोदी कोई बड़ी प्रॉब्लम नहीं हैं। मैं उनसे दो-तीन बार मिल चुका हूं। उनकी सिर्फ शो-बाजी हैं। उनमें दम नहीं है। उन्हें लोगों ने सिर पर चढ़ा रखा है।' राहुल ने कांग्रेस शासित राज्यों में जाति जनगणना कराने की भी घोषणा की। उन्होंने कहा 10-15 साल पहले मुझे ओबीसी के मुद्दे गहराई से नहीं समझ आए थे। अगर मुझे पता होता, तो मैं उसी वक्त जातिगत जनगणना करवा देता।' कांग्रेस सांसद ने कहा, 'हम पहले जाति जनगणना नहीं करा सके। यह कांग्रेस की नहीं, मेरी गलती थी। मैं अब इसे सुधार रहा हूं। आप मेरी बहन प्रियंका से पूछिएगा कि अगर राहुल ने किसी काम के लिए मन बना लिया, तो उस बात को वो छोड़ेगा या नहीं? मैं नहीं छोड़ने वाला।'



## थाईलैंड ने कम्बोडिया सीमा से लगे 8 जिलों में मार्शल लॉ घोषित किया

**नई दिल्ली, 25 जुलाई (एजेंसी)।** शुक्रवार को दोनों देशों के बीच भारी गोलाबारी जारी रहने के बीच थाईलैंड ने कंबोडिया की सीमा से लगे आठ जिलों में मार्शल लॉ घोषित कर दिया। चंथाबुरी और ट्राट प्रांतों में सेना की सीमा रक्षा कमान के कमांडर अपिचार्ट सैप्रासर्ट ने एक बयान में कहा, चंथाबुरी के सात जिलों और ट्राट के एक जिले में "अब मार्शल लॉ लागू है"। सैन्य सीमा कमांडर ने कहा कि यह निर्णय थाई क्षेत्र में प्रवेश करने के लिए "कंबोडिया द्वारा बल प्रयोग" के कारण लिया गया।

यह घटनाक्रम थाई अधिकारियों द्वारा यह कहने के कुछ ही घंटों बाद आया है कि उनका देश कंबोडिया के साथ सीमा विवाद को सुलझाने के लिए किसी तीसरे पक्ष की मध्यस्थता के बजाय द्विपक्षीय वार्ता का पक्षधर है। हालाँकि, थाईलैंड ने कंबोडिया को चेतावनी दी है कि उसका संघर्ष "संभावित रूप से युद्ध में बदल सकता है", कार्यवाहक प्रधानमंत्री फुमथम वेचायाचाई ने कहा कि बैंकॉक अपने क्षेत्र और संप्रभुता की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। फुमथम ने कहा, "हमने पड़ोसी होने के नाते समझौता करने की कोशिश की है, लेकिन अब हमने थाई सेना को निर्देश दिया है कि जरूरत पड़ने पर तुरंत कार्रवाई की जाए।" फुमथम ने कहा, "यह स्थिति संभावित रूप से युद्ध में बदल सकती है।" उन्होंने आगे कहा, "फि लहाल, इसे अभी भी भारी हथियारों से जुड़ी एक सशस्त्र झड़प माना जा रहा है।" कंबोडिया के प्रधानमंत्री हुन मानेट ने कहा कि उनका देश युद्धविराम के लिए तैयार है, लेकिन उन्होंने थाईलैंड पर मलेशियाई प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम द्वारा किए गए समझौते से पीछे हटने का आरोप लगाया। यह युद्धविराम शुक्रवार सुबह से लागू होने वाला था।

